वर्ष- 22 अंक - 80 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, बुधवार 02 सितंबर 2026




## एनकाउंटर स्पेशलिस्ट राममंदिर के पहले सीईओ

**अयोध्या.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के एनकाउंटर स्पेशलिस्ट रहे पूर्व आईपीएस राजेश पांडेय अयोध्या राम मंदिर के पहले सीईओ (चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर) बनाए जा सकते हैं। आज श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में उनके नाम पर मुहर लग सकती है। इसी तरह शरद शर्मा को प्रवक्ता बनाया जा सकता है।

## मोदी के जन्मदिन पर भाजपा शुरू करेगी जनसंपर्क अभियान

**नईदिल्ली.एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा देशभर में एक महीने का सेवा संकल्प अभियान चलाएगी। काशी और वडनगर से जनसंपर्क यात्राएं निकलेंगी। दोनों यात्राएं 17 सितंबर से शुरू होकर 17 अक्तूबर को अपने गंतव्य तक पहुंचेंगी।

## उप्र में पैसे वाले नेताओं को टिकट देगी कांग्रेस

**लखनऊ.एजेंसी।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में इस बार कांग्रेस आर्थिक रूप से मजबूत उम्मीदवारों को प्राथमिकता देने की तैयारी कर रही है। 2022 में मिली हार के बाद और अनुभवों से सीखते हुए पार्टी उम्मीदवारों से फंड योगदान की उम्मीद भी कर रही है। इसके साथ ही, सपा के साथ गठबंधन जारी रखते हुए कांग्रेस 50-50 के अनुपात में सीटें बांटने पर जोर दे रही है।

## पिपरिया में बस-कार की टक्कर, 30 घायल

**पिपरिया.एजेंसी।** पिपरिया के मोहगांव के पास बस और कार की टक्कर में 30 लोग घायल हो गए। टक्कर के बाद बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में घायल 15 लोगों की हालत गंभीर बताई गई, जिन्हें इलाज के लिए रेफर किया गया है। वहीं, 9 घायलों को पिपरिया अस्पताल में भर्ती किया गया है।

# शेयर बाजार क्रेश....कच्चे तेल में आग...

## ट्रंप के वॉर मोड से बाजार में आया भूचाल

**बुधवार ● एजेंसी**

शेयर बाजार निवेशकों के लिए आज शुरुआत बेहद खराब रही। कारोबार ओपन होने के साथ ही सेंसेक्स-निफ्टी दोनों इंडेक्स क्रैश हो गए। एक ओर जहां बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 700 अंक से ज्यादा का गोता लगा गया, तो वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी इंडेक्स में भी खुलते ही 250 अंक से ज्यादा की गिरावट आ गई। सेंसेक्स अपने पिछले बंद 76,944 की तुलना में फिसलकर 76,471 पर ओपन हुआ और फिर पलक झपकते ही बुरी तरह क्रैश होकर 76,135 के लेवल पर आ गया। इसी तरह कच्चे तेल की कीमतों में भी आग लग गई। ब्रेंट क्रूड का दाम 96 डॉलर के पार निकल गया है। ये सब अमेरिका-ईरान में फिर से बढ़ी टेंशन के बाद देखने को मिला है। डोनाल्ड ट्रंप वॉर मोड में नजर आ रहे हैं और उन्होंने होर्मुज पर कंट्रोल का दावा किया है। दूसरी ओर अमेरिका की ओर से ईरान पर ताबड़तोड़ हमले भी शुरू कर दिए गए हैं।



## शादी वाले घर में गिरा ड्रोन, 5 की मौत

ईरान के दक्षिणी शहर कुहेस्ताक में शादी वाले घर में अमेरिकी ड्रोन गिरने से 5 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए।

## लड़की ने 17 रिश्तेदारों को खोया

### मदद के लिए नेपाल पहुंचे अभिनेता सोनू सूद



**बुधवार.एजेंसी।** नेपाल में आई बाढ़ से अब तक 1127 लोगों की मौत हुई है। 4800 से ज्यादा लोग लापता हैं। बाढ़ में जिंदा बची एक लड़की ने बताया कि उसके 17 रिश्तेदारों की मौत हो गई। यहां चीन के भी 100 लोग लापता हैं। बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए अभिनेता सोनू सूद नेपाल पहुंचे। भारत ने भी मदद की 5वीं खेप नेपाल के लिए रवाना की।

## 52 मंदिरों में स्मार्टफोन पर रोक

**चेन्नई.एजेंसी।** तमिलनाडु के 52 मंदिरों में स्मार्टफोन ले जाने पर रोक लगा दी गई है। भक्तों को अपने स्मार्टफोन मंदिर के बाहर जमा करने होंगे और 5 रुपए चार्ज भी देना होगा। बिना कैमरे वाले मोबाइल अंदर ले जा सकते हैं।

## चिनूक हेलीकॉप्टर से कूदे 5 कमांडो नाव समेत बहे, 2 लापता

**यमुनानगर.एजेंसी।** हरियाणा के यमुनानगर में हथिनीकुंड बैराज में सेना के अभ्यास के दौरान बड़ा हादसा सामने आया है। डब्ल्यूजेसी नहर के डायवर्जन गेट नंबर-8 के पास अभ्यास कर रहे सेना के पांच जवानों की नाव अचानक तेज बहाव में बह गई। ये सभी जवान चिनूक हेलीकॉप्टर से बैराज में कूदे थे और ट्रेनिंग कर रहे थे। इनमें से 3 की जान बच गई, लेकिन 2 जवान अभी भी लापता हैं।

## टिकट न मिलने पर फूट फूटकर रोए भाजपा नेता

**जयपुर. एजेंसी।** राजस्थान में नगर निकाय चुनाव के लिए टिकट न मिलने पर भाजपा-कांग्रेस के कई नेता बागी हो गए। भाजपा नेता विश्वास सैनी तो अपनी पत्नी को टिकट न मिलने पर फूट-फूटकर रोते नजर आए। विश्वास सैनी वार्ड नंबर 49 से महिलाओं के लिए रिजर्व सीट पर अपनी पत्नी के लिए पार्टी का टिकट मांग रहे थे। बीजेपी ने किसी दूसरे को उम्मीदवार बना दिया तो यह बागी हो गए और पत्नी को निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतार दिया है।

## बाढ़ में डूबे मंदिर, बैठे रहे पुजारी

### खतरे के निशान से ऊपर पहुंची नदियां

**बुधवार ● एजेंसी**



मध्यप्रदेश के सतना, चित्रकूट से लेकर बिहार, उत्तराखंड तक बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। सतना में आज और कल स्कूल-कॉलेज की छुट्टी घोषित कर दी गई। मंदाकिनी नदी ने भी रौद्र रूप धारण कर लिया है। उत्तराखंड में भारी बारिश के कारण 12 लोगों की मौत हो गई। उत्तरप्रदेश के उन्नाव में गंगा एक्सप्रेसवे धंस गया। बिहार के भागलपुर में 100 साल पुराना दुर्गा मंदिर कटाव के चलते गंगा में समा गया। उत्तरप्रदेश के काशी में रत्नेश्वर महादेव मंदिर डूब गया है। गुबंद की कुछ हिस्सा ही दिखाई दे रहा है। बिहार में गंगा-पुनपुन समेत कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। पटना भी जलमग्न हो गया।

चित्रकूट में पहाड़ी इलाकों में 36 घंटे की मूसलाधार बारिश के बाद मंदाकिनी नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 5 मीटर ऊपर पहुंच गया। बाढ़ के पानी में रामघाट स्थित बड़ा मठ मंदिर डूबने लगा। जान के खतरे के बीच डीएम पुलकित गर्ग और एसपी अरुण कुमार सिंह हाथ जोड़कर पुजारी से बाहर आने की गुहार लगाते रहे, लेकिन पुजारी भगवान को अकेला छोड़कर सुरक्षित स्थान पर जाने को तैयार नहीं हुए।





## मुख्यमंत्री विजय ने बुजुर्ग महिला को पहनाया 40 हजार का चश्मा

## सायोनी घोष ने की मुलाकात, जमकर की तारीफ

**चेन्नई.एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय चिन्नागवुर में बुजुर्ग महिला चेल्लम के घर गए। विजय ने चेल्लम से बातचीत की और उनका हालचाल पूछा। इसी दौरान उन्होंने अपना डियोर का सनग्लास उतारकर चेल्लम को दे दिया। इसकी कीमत करीब 40 हजार रुपए बताई जा रही है।

उधर ममता की पार्टी से बगावत करने वाली खूबसूरत सांसद सायोनी घोष ने चेन्नई पहुंचकर मुख्यमंत्री विजय से मुलाकात की और उनके कार्यकाल की तारीफ की। सायोनी घोष ने एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, 'मैं उनकी गर्मजोशी भरी मेहमाननवाजी के लिए शुक्रगुजार हूं।

## 14 ठिकानों पर ईडी के छापे

**बुधवार.एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई करते हुए देशभर में 14 ठिकानों पर छापेमारी की है। यह छापेमारी एनएचएआई टोल प्लाजा पर फर्जी वसूली से जुड़े मामले में की गई है। ईडी ने धन शोधन विरोधी कानून (पीएमएलए एक्ट, 2002) के तहत यह कार्रवाई की है। ईडी ने आज उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, जम्मू, मध्य प्रदेश, एनसीआर और कोलकाता में अलग-अलग ठिकानों पर छापा मारा।



## भाजपा कार्यालय की बैठक में मौजूद रहे इंदौरी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की बैठक प्रदेश स्तर की भोपाल में आयोजित की गई। इंदौर से जुड़े भाजपा पिछड़ा वर्ग के रघु यादव, जीतू कुशवाह सहित अन्य मौजूद रहे।

# कलश यात्रा में शामिल हुए भाजपाई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की 650 वीं जयंती के अवसर पर भाजपा द्वारा प्रत्येक मंडल में सामाजिक समरसता संकल्प महाअभियान के अंतर्गत कलश वंदन यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 5 के छत्रपति शिवाजी मंडल, संत कबीर दास मंडल, वीर सावरकर मंडल में कलश यात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे,



जिनमें विधायक महेन्द्र हार्डिया ने पवित्र माटी कलश को अपने शीश पर रखा। नन्दकिशोर पहाड़िया, कैलाश पिपले, वासुदेव पाटीदार, नेहा शर्मा, भूपेंद्र चौहान, अनिल गोहर, कविता रमन, महेश जोशी, नितेश खांडेकर, कपिल पांडे, उमेश मंगरोला, रवि तोमर, नितेश जैन सहित मातृशक्ति कार्यकर्ता भी उपस्थित रही।

# अब युवा मोर्चा अध्यक्ष सौगात मिश्रा ने लिखा वानखेड़े को पत्र

## वार पर पलटवार और उस पर भी वार

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। जहां कांग्रेसी कह रहे हैं कि भाजपाई डर रहे हैं और उनको राहुल गांधी की यात्रा पच नहीं रही है इसीलिए भाजपाई नेहरू स्टेडियम नहीं दे रहे हैं और बगैर मांगे सलाह भी दे रहे हैं। जहां महापौर ने कहा था कि 50 हजार छात्र जुटना है तो स्टेडियम छोटा पड़ेगा कोई दूसरी जगह देख लो। वहीं राहुल गांधी मामले में भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को पत्र लिखा था। इस पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने कल वार पर पलटवार करते हुए सुमित मिश्रा को पत्र लिख दिया था और पत्र की कॉपी भी सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हुई थी अब इस पलटवार मामले में फिर से युवा भाजपा मोर्चा के अध्यक्ष सौगात मिश्रा ने विपिन वानखेड़े को पत्र लिख दिया और लिखा कि राहुल गांधी की किसी भी यात्रा से भाजपा को कोई चिंता नहीं होती, चिंता तो कांग्रेस को होती है, क्योंकि राहुल गांधी कांग्रेस के विसर्जन की गांधीजी की अंतिम इच्छा को पूर्ण करने में लगे हैं। सौगात ने यह भी लिखा कि सभी जानते हैं कि राहुल गांधी सभा में लोगों को मनोरंजन कराते हैं और मनोरंजन में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। सौगात मिश्रा ने यह भी लिखा कि सुमित मिश्रा ने जो पत्र कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को लिखा वह अच्छे भाव से लिखा था और आप लोगों ने पत्र में हल्की भाषा का उपयोग शुरू कर दिया। सौगात मिश्रा ने पत्र में कई दूसरे हवाले भी दिए।

## राहुल गांधी को जय हार्डिया के यहां ले जाने की तैयारी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के करीबी और राऊ विधानसभा प्रभारी एडवोकेट जय हार्डिया का निवास राजीव गांधी सर्कल के समीप रिजनल पार्क क्षेत्र में हैं और राहुल गांधी जब छात्रों की गूंज कार्यक्रम से दिल्ली के लिए रवाना होंगे उसके पहले जय हार्डिया के निवास पर राहुल गांधी का चाय-नाश्ता हो सकता है। वे वहां से फ्रेश होकर दिल्ली के लिए रवाना होंगे यह जानकारी भी सूत्रों ने बताई। पटवारी ने इस कार्यक्रम को बनाकर दिल्ली भेज दिया है। अभी राहुल गांधी के यहां से इसकी स्वीकृति होकर आना बाकी है।

## खंडेलवाल की बड़ी मटकी फोड़ प्रतियोगिता होगी, जन्माष्टमी पर विजेता को मिलेगा 51 हजार का इनाम

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। संस्था सृजन द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी 4 सितंबर को मटकी फोड़ प्रतियोगिता बड़े रूप में इस वर्ष भी आयोजित की जाएगी। इस आयोजन को म.प्र. का सबसे बड़ा मटकी फोड़ आयोजन माना जाता है। कमलेश खंडेलवाल,तनुजा खंडेलवाल ने बताया कि कृष्ण जन्माष्टमी पर 4 सितंबर को सागर ज्यूस के सामने गोराकुंड पर आयोजन का 21वां वर्ष है। खंडेलवाल ने बताया कि इस आयोजन के लिये शहर की 16 टीमो ने आयोजन में आने की स्वीकृति दे दी, इसके लिये मुंबई, पुणे, देवास, महू, धार, राऊ, देपालपुर, बेटमा की टीमो को आने के लिये निमंत्रण दिये गए है इस आयोजन के लिये युवाओ की टोलियों को भी बेसब्री से इंतज़ार है। विजेता को 51 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। हजारों लोग आयोजन में शामिल होंगे। मंत्री, विधायक, सांसद, भाजपा पदाधिकारियों के अलावा साधु-संत, गणमान्य नागरिक सहित अन्य मौजूद रहेंगे।

# ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े का सुमित मिश्रा को पलटवार पत्र

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी को पत्र लिखा था। जिसमें आशंका व्यक्त की गई थी जिसे जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेडे ने पलटवार पत्र में कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 12 सितम्बर के प्रस्तावित छात्रों की गूंज कार्यक्रम की सफलता से पहले ही आपकी चिंता बढ़ गई है, यह बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि इंदौर जैसे प्रतिष्ठित शहर को आपके जैसा निम्न भाषा और विचार का सत्तारूढ़ पार्टी को अध्यक्ष मिला है। आपके पत्र में 50 हजार युवाओं की व्यवस्था को लेकर जिस प्रकार की चिंता व्यक्त की गई है उससे ऐसा प्रतीत होता है कि आपको इंदौर के विद्यार्थियों और युवाओं की बढ़ती भागीदारी से भय बैठ चुका है। यह कार्यक्रम केवल किसी राजनीतिक सभा के लिए नहीं, बल्कि छात्रों के भविष्य, शिक्षा व्यवस्था, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं, बढ़ती बेरोजगारी और युवाओं की समस्याओं पर संवाद के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है किंतु आपकी पार्टी और आपकी सरकार लगातार छात्रों की आवाज को कुचलने का प्रयास कर रही हैं, यह साफ आभास होता है। वानखेडे ने सुमित मिश्रा को पत्र में बताया कि नेहरू स्टेडियम में स्वच्छता कॉन्सर्ट,बलिदान दिवस समारोह, शौर्य कुंभ, नगर स्थापना वर्षगांठ के आयोजन हो चुके है। सभी आयोजनों में भीड रही है, यह आयोजन भी बड़ा ही होना है। वानखेडे ने सुमित मिश्रा से आग्रह किया है कि वे अपनी छोटी मानसिकता त्यागकर नेहरू स्टेडियम की परमिशन राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम के लिए सहयोग करें और राहुल गांधी का दिल खोलकर इन्दौर आगमन पर स्वागत करें।

## सामूहिक छड़ी पूजन में मौजूद रहे भाजपाई

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। संस्था पुरुषार्थ ने सामाजिक समरसता के लिए कल गोगादेवजी के निशान का सामूहिक पूजन के साथ उत्सव भी महादेव तोतला नगर बंगाली चौराहा पर आयोजित किया। कार्यक्रम का आयोजन नानूराम कुमावत ने किया था। विधायक मालिनी गौड़, नन्दकिशोर पहाड़िया, गोपाल गोयल, अशोक अधिकारी, सूरज जोशी सहित अन्य मौजूद थे। वहीं वाल्मीकि समाज के अलावा अन्य समाजों के भी सैकड़ों लोग छड़ी-पूजन में मौजूद रहे।



## कांग्रेस से निष्ठावान को टिकिट देने की मांग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कांग्रेस के सोशल मीडिया ग्रुप पर कल विधानसभा 3 के वार्ड 58 की ओर से कांग्रेस नेताओं के नाम एक पाती लिखी गई, जिसमें वार्ड 58 के आगामी चुनाव में स्वच्छ छवि के प्रत्याशी को टिकिट देने और विवादित परिवार से टिकिट से बचने की अपील की गई है। यह भी कहा गया कि जो सामाजिक सौहार्द्र रख सके और आगामी चुनाव में जीत सके, जिस पर प्रकरण दर्ज नहीं हो अभी टिकिट में परिवारवाद नहीं चले। अगर परिवारवाद में टिकिट दिया जाता है तो भाजपा को मौका मिलेगा। भाजपा ने वैसे भी अभी मौका पाकर कई नाम तथाकथित बढ़ा दिए हैं, जिससे भी इस वार्ड में कांग्रेस के लिए चुनाव जीतना आसान नहीं है और भाजपा आरोप लगाकर कांग्रेस प्रत्याशी की छवि बिगाड़ सकती है और दुष्प्रचार भी कर सकती है। इसलिए किसी नए व्यक्ति को कांग्रेस चुनाव में उतारे। ऐसे को टिकिट दें, जिससे भाजपा को बोलने का मौका नहीं मिले।

# राहुल गांधी के समक्ष 35 हजार श्रमिक परिवारों की समस्या उठाने की गुहार

## छात्रों की गूंज के बाद दौरा करवाने की मांग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

ट्रेड यूनियन नेता श्याम सुंदर यादव एवं युवा नेता राहुल निहोरे द्वारा संयुक्त रूप से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से आग्रह किया गया है कि राहुल गांधी के युवाओं के कार्यक्रम बाद मालवा मिल क्षेत्र में राहुल गांधी का 10 मिनट का दौरा करवाया जाए, उनके समक्ष 35 हजार कपड़ा मिल श्रमिक परिवारों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने की पहल भी की जाए। राहुल गांधी को पूरी जानकारी होगी तो वे राष्ट्रीय स्तर पर 35 हजार श्रमिक परिवारों की लंबित समस्याओं और ऐतिहासिक कपड़ा मिलों के मुद्दे और इतिहास को दिल्ली में उठा सकेंगे, उन्हें गणेशोत्सव की झांकियों के बारे में भी बताया जाए। इन्दौर की कपडा मिलों की देश में पहचान रही है। केन्द्र सरकार की वर्ष 2002-2003 में नीतियों के कारण मिले बंद हुई थी, जिससे हजारों मजदूर परिवार अचानक बेरोजगारी और आर्थिक संकट के दौर में चले गए। सम्भव हो तो राहुल गांधी झांकियों का अवलोकन भी करे, मिलों का इतिहास भी जाने। राहुल गांधी के आने से 35 हजार श्रमिक परिवारों, इंटक परिवार और कार्यकर्ता, कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। साथ ही राहुल गांधी के मजदूरों के प्रति समर्थन से इंदौर के पीड़ित श्रमिक परिवारों को न्याय दिलाने में मील का पत्थर साबित होगा। उक्त पूर्ण जानकारी श्यामसुन्दर यादव और राहुल निहोरे ने दी।

# कांग्रेसियों का ध्यान राहुल गांधी की यात्रा पर

## भाराछासं सहित अन्य नेता लगे रजिस्ट्रेशन की जुगाड़ में

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी 12 सितम्बर को इंदौर में छात्रों की गूंज कार्यक्रम में शामिल होंगे, इसकी व्यवस्था प्रदेश कांग्रेस से लेकर शहर और जिला के पास है। कार्यक्रम में 50 हजार छात्रों का लक्ष्य रखा गया है, जिसका रजिस्ट्रेशन भी किया जाना है। हर कोई कांग्रेसी राहुल गांधी की यात्रा को लेकर अपने आपको व्यस्त रखना चाहता है, कई कांग्रेस नेताओं ने छात्र नेताओं से सम्पर्क भी शुरू किया है। युवक कांग्रेस के अलावा खासतौर से भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन अलग-अलग कॉलेजों और विश्वविद्यालय में सम्पर्क कर छात्रों से चर्चा कर रहे हैं। एनएसयूआई के अध्यक्ष विक्रमसिंह सचान इसके लिए लगातार छात्रों और छात्र नेताओं से सम्पर्क कर रहे हैं। भाराछासं के पूर्व अध्यक्ष रजत पटेल भी जुगत में हैं, वहीं युवक कांग्रेस अध्यक्ष अमित पटेल भी छात्रों के रजिस्ट्रेशन में लगे हैं कि ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हो, छात्रों की भीड़ को लेकर कांग्रेसियों का फोकस बना हुआ है। जिस तरह से राहुल गांधी के आयोजन पुणे, देहरादून, प्रयागराज और कोटा में हुए है उसमें छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। पुणे में भी 15 हजार लडकियों ने रजिस्ट्रेशन कराए थे। राहुल गांधी ने बोला था कि छात्र कम और छात्राएं ज्यादा दिख रही है, हालांकि वह स्थान भी छोटा पड़ गया था, जितने लोग अंदर छात्रों की गूंज कार्यक्रम में थे उतने ही बाहर भी थे। ऐसे में पटवारी का गृह जिला इन्दौर है इसलिए पटवारी का फोकस इन्दौर में सबसे ज्यादा और उसके अलावा इन्दौर-उज्जैन सम्भाग के महत्वपूर्ण जिलों पर लगा है जहां कांग्रेसी विधायक है उनको भी कांग्रेस छात्रों के रजिस्ट्रेशन की जवाबदारी सौपेंगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े विधायक रहने के साथ भाराछासं का भी दायित्व संभाल चुके हैं इसलिए वे भी भाराछासं के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे से सम्पर्क कर कमान संभाले हुए हैं। अलग-अलग कॉलेजों में अलग-अलग छात्र नेताओं को जिम्मेदारी बांटने का काम भी शुरू हो चुका है। छात्रों की गूंज के आयोजन में 12 सितम्बर को ज्यादा से ज्यादा छात्र राहुल गांधी के लिए पहुंचे इसके प्रयास ताकत से जारी है।

### राहुल गांधी इस साल दूसरी बार इंदौर आ रहे हैं

राहुल गांधी इस साल दूसरी बार इंदौर आ रहे हैं। पहले वे भागीरथपुरा दूषित जल मामले में इंदौर पहुंचे थे तब भी भाजपा की ओर से बाधा पैदा हुई थी और अब नेहरू स्टेडियम जगह की बाधा पैदा हो रही है, आरोप-प्रत्योप के पत्राचार भी भाजपा-कांग्रेस के बीच हो रहे हैं। राहुल गांधी अभी दलित, आदिवासी, छात्र, किसान, के पक्ष में आवाज बने हुए है उसी के मुताबिक कांग्रेसियों में भी उत्साह बना हुआ है और राहुल गांधी का कांग्रेसजन बेसब्री का इंतजार कर रहे हैं।

## कांग्रेसियों को उम्मीद, निगम आज ना का लेटर दे देगी

### कांग्रेस ने शुरू की रीजनल पार्क के पास डेढ़ लाख स्क्वेयर फीट खाली जमीन पर तैयारियां

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर कांग्रेस ने राहुल गांधी के छात्रों की गूंज आयोजन के लिए 8 से 12 सितम्बर तक के लिए नगर निगम को पत्र लगाकर निगम आयुक्त से मिलकर नेहरू स्टेडियम के लिए आवेदन दिया था, उस आवेदन पर अभी तक स्वीकृति नहीं मिली है। कांग्रेसियों को शुरू से पता था कि इसकी स्वीकृति नहीं मिलना है, इसलिए कांग्रेसियों ने अपनी अलग तैयारी शुरू कर दी थी। कुछ अधिकारियों ने मौखिक रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को बता दिया है कि निगम की ना हो जाएगी। कांग्रेसियों का मानना है कि आज निगम का विधिवत ना का लेटर कांग्रेस शहर अध्यक्ष चिन्टू चौकसे के पास पहुंच जाएगा। कांग्रेसियों ने राजीव गांधी सर्कल के समीप रीजनल पार्क के पास पाल परिवार समूह की पड़ी डेढ़ लाख स्क्वेयर से अधिक जमीन की स्वीकृति ले ली है और कांग्रेस ने वहां अपनी तैयारी शुरू कर दी है। अब कांग्रेस को राहुल गांधी की सुरक्षा संबंधित स्वीकृति भी पुलिस से लेना है और इसकी जानकारी दिल्ली भेजकर सुरक्षा कमांडों से भी इसकी स्वीकृति लेना है। निगम की ना के पत्र के बाद कांग्रेस इसे बड़ा इशु बनाएगी यह भी कांग्रेस नेता बता रहे हैं और यह सब कुछ बैठक में तय होगा और कांग्रेस मीडिया से चर्चा कर इस मुद्दे पर कई खुलासे भी करेंगी, जिनमें गैर सरकारी कार्यक्रम जो नेहरू स्टेडियम में हुए वह मुद्दा भी कांग्रेस उठाएगी।

## कांग्रेस की आज भोज के साथ बैठक

### नेहरू स्टेडियम नहीं देने का मुद्दा भी उठेगा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर और जिला कांग्रेस ने आज दोपहर से लेकर शाम तक कई बैठकों के आयोजन राजीव गांधी सर्कल स्थित एक ही परिसर के दो गार्डनों में अलग-अलग की है। अलग-अलग संगठन मोर्चा की बैठक भी होगी। अलग-अलग बैठकें होती रहेगी और बैठक में शामिल होने वाले कांग्रेसियों का भोजन भी दोपहर से लेकर शाम तक चलता रहेगा। शहर के शुभ कारज गार्डन और जिला के सोलारिस गार्डन में अलग-अलग समय, अलग-अलग संगठन की बैठक होगी। बैठकों में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, सहप्रभारी उषा नायडू सहित वरिष्ठ नेता अरुण यादव, सत्यनारायण पटेल, शोभा ओझा, सज्जन वर्मा. अध्यक्ष चिन्टू चौकसे, विपिन वानखेड़े, संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल, डॉ. दौलत पटेल, शैलेष गर्ग सहित पदाधिकारी और इंदौर-उज्जैन संभाग के विधायक और विधायक के दावेदार भी मौजूद रहेंगे। आज की बैठकों में राहुल गांधी की 12 सितम्बर की छात्रों की गूंज की रणनीति तय होगी।

### नेहरू स्टेडियम पर चर्चा

आज कांग्रेस बैठक के दौरान नगर निगम द्वारा राहुल गांधी के छात्रों की गूंज मुद्दे पर 8 से 12 सितम्बर तक कांग्रेस द्वारा मांगे गए नेहरू स्टेडियम नहीं देने के मुद्दे पर चर्चा होगी। कांग्रेस भाजपा और निगम भाजपा परिषद के खिलाफ रणनीति तैयार करेगी। कांग्रेस इस मुद्दे को बड़े रूप में उठाना चाहती है। इधर कुछ भाजपा के नेता कह रहे हैं कि स्टेडियम नहीं देना नादानी है और कांग्रेस इसे बड़ा मुद्दा बनाएगी और कांग्रेस ने इसे मुद्दा बना भी लिया है। कांग्रेस ने पुराने कार्यक्रमों की सूची भी बाहर निकालकर सोशल मीडिया पर जारी कर दी है, जिनमें निगम ने अनुमति भी दी थी, लेकिन वे गैर सरकारी कार्यक्रम थे।

## जीतू पटवारी ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

**राहुल गांधी का आयोजन गैर राजनीतिक, विद्यार्थियों से संवाद, अधिकारियों को देवे नेहरू स्टेडियम के लिए निर्देश**

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा और उस पत्र में 12 सितम्बर को लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी के युवा और विद्यार्थियों से संवाद आयोजन का जिक्र छात्रों की गूंज नेहरू स्टेडियम में होने की बात लिखी गई। यह भी लिखा कि यह कार्यक्रम राजनीतिक आयोजन नहीं है। शिक्षा के अधिकारी और व्यवस्था को लेकर सार्थक जनसंवाद है। राहुल गांधी युवा और विद्यार्थियों से जुड़े विषय को राष्ट्रीय विमर्श केन्द्र में लाने का प्रयास कर रहे हैं, उनका यह प्रयास लोकतांत्रित संवाद को मजबूत करने वाला है। राहुल गांधी संवैधानिक पद पर आसीन है। इसलिए नेहरू स्टेडियम उपलब्ध करवाना उचित कार्य होगा। पटवारी ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि कांग्रेस द्वारा नेहरू स्टेडियम के प्रस्तुत प्रस्ताव को आप संज्ञान में लेवे और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देवे, जिससे नेहरू स्टेडियम में छात्रों की गूंज कार्यक्रम का आयोजन अनुमति के बाद हो सके।

## राहुल गांधी की टीम के बेजू और त्यागी आज देखेंगे व्यवस्था

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी की टीम के प्रमुख बेजू और त्यागी आज इंदौर में मौजूद रहकर कांग्रेस की बैठकों में भी पहुंचेंगे और यह भी संभावना है कि वे रीजनल पार्क क्षेत्र में जहां राहुल गांधी का कार्यक्रम होना है वहां पहुंचकर उस जमीन की व्यवस्था को भी देखें और राहुल गांधी के आने-जाने और सुरक्षा के मुद्दे पर रिजनल पार्क पाल परिवार की जगह ठीक रहेगी या नहीं। जबकि कांग्रेस ने यहां तैयारी शुरू कर दी है।

## नमो-नमो शंकरा ने किया सामाजिक समरसता का आयोजन



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नमो-नमो शंकरा के कार्यालय में संस्था प्रमुख पंकज फतेहचंदानी ने सामाजिक समरसता को लेकर गोगादेवजी महाराज की पूजा-अर्चना के साथ छड़ी पूजन का आयोजन कराया। आरती का आयोजन भी हुआ। सनातन संस्कृति के संरक्षण का संकल्प लिया। सिंधी समाज के वरिष्ठजन, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कमाठीपुरा, भंवरकुआं, गाड़ी अड्डा, लोधी मोहल्ला सहित विभिन्न क्षेत्रों से आई छड़ियों का पूजन कर वाल्मीकि समाजजनों का स्वागत किया गया, आरती भी हुई। पंकज फतेहचंदानी ने कहा समाज की नई पीढ़ी को सामाजिक समरसता से जोड़ना हमारा भी दायित्व है। पंकज फतेहचन्दानी, विकास बोयत, किशन बड़भूजर, समीप खुबानी सहित अन्य मौजूद थे।

## भाजपा नेता पारिक का सम्मान



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

राऊ विधानसभा के वार्ड 74 से जुड़े युवा भाजपा नेता मोहित पारिक का अवतरण दिवस कल मनाया गया। सेवाकार्य और देव दर्शन का आयोजन भी हुआ। समर्थकों ने कई केक काटे, मिठाई का वितरण हुआ। ढोल-ढमाके भी बजे, वहीं अखिलेश्वर बालाजी ओखला के दर्शन किए गए। मॉर्निंग वॉकर के साथ आयोजन हुआ। बांगड़दा बस्ती पहुंचकर बच्चों को शिक्षण सामग्री और फल, टाफी भेंट की। इस दौरान द्वारका चौरसिया, राकेश ठाकुर, सुधीर यादव, जय ठाकुर, पारस कौशल, कुलदीप चौकसे, शैलू ठाकुर, संगीता कुशवाह, संतोष कौशल, पवन कौशल, पवन जांगिड़, संदीप नामदेव उपस्थित रहे।



## पार्षदपति को बांधी बहनों ने राखियां

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। देपालपुर विधानसभा के शहरी वार्ड 16 में पार्षद सोनाली धारकर है और कार्य की जिम्मेदारी ज्यादातर समय मुकेश धारकर संभालते हैं। सोनाली धारकर का अवतरण दिवस भी मनाया और बड़ी संख्या में बहनों ने मुकेश धारकर को राखी बांधी।

# भवनों में पानी पहुंचाने पर खर्च होंगे 232 लाख

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना में रहने वाले लोगों को समस्या से मुक्त करने की दिशा में पहल की गई है। इसके तहत अब इस योजना के भवनों में पानी पहुंचाने के काम पर 232 लख रुपए खर्च किए जाएंगे।**

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर निगम के द्वारा शहर में विभिन्न क्षेत्रों में इमारत का निर्माण किया गया है। इन इमारत में कई स्थानों पर सड़क चौड़ीकरण में जिन लोगों के मकान टूट गए उन्हें रहने के लिए स्थान दिया गया है। इसके साथ ही गरीबों को मकान विक्रय करते हुए आवंटित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त इन भवनों में एल आई जी और एम आई जी के भवन मध्यमवर्गीय परिवारों को आवंटित किए गए हैं। निगम के द्वारा इन भवनों का निर्माण करने और उपयोग के लिए उन्हें आवंटित करने के दौरान इस बात पर ध्यान नहीं दिया गया कि इन भवनों में पीने के पानी के लिए और अन्य उपयोग के पानी के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। पिछले दिनों इन भवनों में रहने वाले नागरिकों के द्वारा पानी की समस्या को लेकर शिकायत की गई। जब शिकायत सामने आई तो प्रधानमंत्री आवास योजना सेल के अंतर्गत काम करने वाले अधिकारी यह कह कर अपने आप को बचाने की कोशिश करते रहे कि पानी की व्यवस्था जल्द ही की जा रही है। अब जाकर इस सेल के अधिकारियों के द्वारा कुछ भवनों में पानी की व्यवस्था करने के लिए पूरा सिस्टम तैयार करने, उसे क्रियान्वित करने और उसका संचालन संधारण 5 साल तक करने के लिए टेंडर जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि इस पूरे कार्य की कीमत 232 लाख रुपए है। इस काम को 3 महीने की अवधि में पूर्ण करना होगा। इसके लिए जो एजेंसी काम करने की इच्छुक है उनसे 21 सितंबर तक उनके प्रस्ताव बुलवाए गए हैं। इस बारे में 7 सितंबर को एक मीटिंग भी रखी गई है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की व्यवस्था से इन भवनों में पानी की व्यवस्था हो जाएगी। जिसके चलते हुए लोगों को इन सब समस्याओं से मुक्ति मिल सकेगी।

## विरोध प्रदर्शन हुआ तो निगम ने दे दी बुधवार हाट के लिए अनुमति

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नगर निगम द्वारा बुधवार को मालवा मिल से लेकर शिवाजी नगर तक लगने वाले हाट को अनुमति देने से इन्कार कर दिया गया था। निगम की ओर से कहा गया था कि यह हाट मालवा मिल के पास स्थित खुली जमीन पर लगाया जाए। इसका शिवाजी नगर क्षेत्र के लोगों ने प्रदर्शन करते हुए विरोध किया। इन लोगों का कहना था कि यह हाट परंपरागत है। ऐसे में इसके स्वरूप के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं होना चाहिए। इन लोगों के विरोध के कारण नगर निगम को भी अपने कदम पीछे हटाना पड़े और आज सुबह जाकर कहना पड़ा कि सड़क के एक तरफ दुकान लगाकर आप व्यवसाय कर लीजिए।

## सिरपुर तालाब की सीमा तय करने में देरी, दो माह से प्रशासन के पास अटका सीमांकन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सिरपुर तालाब को अतिक्रमण से स्थायी रूप से सुरक्षित करने के लिए नगर निगम ने अब उसकी वास्तविक सीमा तय कराने की पहल की है, लेकिन जिला प्रशासन स्तर पर सीमांकन की प्रक्रिया करीब दो माह से आगे नहीं बढ़ पाई है। निगम के ड्रेनेज विभाग ने तालाब के सीमांकन के लिए प्रशासन को पत्र भेजा था।**

### अब दोबारा पत्र भेजकर जल्द कार्रवाई की मांग की गई है

निगम का मानना है कि सीमांकन के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि तालाब की जद कहां तक है और किन हिस्सों में अतिक्रमण हो चुका है। नगर निगम के एमआईसी सदस्य अभिषेक बबूल शर्मा के अनुसार तालाबों की मौजूदा सीमा करीब 25 वर्ष पुरानी है। ऐसे में समय के साथ हुए शहरी विस्तार और निर्माण के बीच वास्तविक स्थिति सामने लाने के लिए नए सिरे से सीमांकन जरूरी है। उनका कहना है कि अतिक्रमण की शिकायत मिलने पर निगम कार्रवाई करता है, लेकिन स्थायी सुरक्षा के लिए ऐसी सीमा तय होना जरूरी है, जिसे कानूनी और प्रशासनिक मान्यता प्राप्त हो। इसके बाद सुरक्षा दीवार सहित अन्य संरक्षण कार्य भी निर्धारित सीमा के आधार पर किए जा सकेंगे।

सिरपुर को रामसर साइट का दर्जा मिलने के बाद तालाब के संरक्षण का महत्व और बढ़ गया है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव के अनुसार निगम ने अब तक सिरपुर से सबसे अधिक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की है। सीवरेज का पानी तालाब में पहुंचने से रोकने के लिए एसटीपी प्लांट बनाया गया है और तालाब से जुड़ी चैनलों को भी अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। अब कोशिश है कि यहां प्राकृतिक वातावरण बना रहे और मानवीय गतिविधियां सीमित रहें, जिससे स्थानीय और प्रवासी पक्षियों को प्राकृतिक आवास मिल सके। पर्यावरण विशेषज्ञ और भूजल वैज्ञानिक सुधीन्द्र मोहन शर्मा के मुताबिक इंदौर में कभी हर गांव में तालाब हुआ करता था। शहरी विस्तार के दौरान जलभराव क्षेत्रों में सड़कें और निर्माण होने से कई तालाब खत्म हो गए। बचे हुए तालाब अब शहर की जल विरासत हैं। लगातार हो रहे बोरिंग और घटते भूजल स्तर के बीच इनका संरक्षण जरूरी है, क्योंकि तालाबों में पानी रहने से भूजल रिचार्ज में मदद मिलती है। इसीलिए सिरपुर का सीमांकन अब अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ शहर के जल और पर्यावरण संरक्षण की दीर्घकालीन योजना के लिए अहम माना जा रहा है।

# चोइथराम मंडी की स्थिति को देखने पहुंचे आयुक्त

### हर दुकान के बाहर डस्टबिन रखवाने और हर दिन मंडी की सफाई करने के निर्देश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल आज सुबह चोइथराम मंडी की स्थिति को देखने के लिए पहुंचे। वहां पर उन्होंने मंडी की हर दिन बेहतर तरीके से सफाई करने और हर दुकान के बाहर डस्टबिन रखने के निर्देश दिए। सिंघल द्वारा आज इंदौर की चौइथराम सब्जी मंडी एवं फलमंडी में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। मंडी परिसर में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं मिलने पर संबंधित सीएसआई और दरोगा को फटकार लगाते हुए निर्देशित किया कि मंडी क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिकों एवं व्यापारियों का आना जाना रहता है। इसको दृष्टिगत रखते हुए पर्याप्त सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

आयुक्त ने निर्देशित किया कि मंडी क्षेत्र में प्रतिदिन सफाई व्यवस्था के साथ - साथ यह भी सुनिश्चित किया जाए कि प्रति दुकानों पर कचरा संग्रहण के लिए अनिवार्य रूप से डस्टबिन रहे और इसके लिए निगम द्वारा लगातार मंडी क्षेत्र में अनाउंसमेंट किया जाएं। उन्होंने मंडी के क्षेत्र का दौरा करते हुए कहा कि इस क्षेत्र को इंदौर के स्वच्छ शहर की गरिमा के अनुकूल तैयार करना जरूरी है। यहां पर नगर निगम के द्वारा कचरे के निष्पादन की भी व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था के बावजूद यदि यहां पर कचरा मौजूद रहता है तो हमें हालात को सुधारने का प्रयास करना चाहिए।



## मूसाखेड़ी में भी निगम की कार्रवाई

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर नगर निगम द्वारा मूसाखेडी चौराहे से सांवरिया धाम मंदिर तक रोड चौड़ीकरण कार्य में बाधक निर्माण को हटाने की कार्रवाई की गई। निगम के जोन क्रमांक 18 के वार्ड क्रमांक 51 के अंतर्गत इंदौर विकास योजना 2021 अन्तर्गत मूसाखेडी चौराहे से सांवरिया धाम मंदिर तक 45 मीटर चौड़ाई में सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। उक्त सड़क चौडीकरण निर्माण कार्य में बाधक भवनों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसके अंतर्गत क्षेत्र में बनी हुई टीन की 17 दुकानों को तोड़ दिया गया। इन 17 दुकानों को तोड़ने से पहले उन में रखा हुआ सामान खाली करवाया गया। इसके साथ ही कुछ मकानों के हिस्से भी तोड़ने की कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई आज दोपहर तक चलती रहेगी।

## सड़क निर्माण में बाधक सात मकानों के हिस्से तोड़े

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** नगर निगम के द्वारा आज सुबह बाणगंगा क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इसके तहत सड़क के निर्माण में बाधक सात मकानों के हिस्से तोड़े गए। निगम के अधिकारियों ने बताया कि यहां पर एक लिंक रोड का निर्माण किया जाना है। इस लिंक रोड को बनाने में मकान के हिस्से बाधक बन रहे थे। निगम के द्वारा मकान मालिकों के नाम पर नोटिस जारी करते हुए उन्हें मकान के बाधक हिस्से हटाने के लिए कहा गया था। निगम के नोटिस के बाद भी मकान मालिकों के द्वारा अपने मकान के बाधक क्षेत्र को तोड़ने में कोई रुचि नहीं ली गई। ऐसी स्थिति में नगर निगम के द्वारा आज कार्रवाई को अंजाम दिया गया। निगम के द्वारा बाणगंगा क्षेत्र में स्थित बदल का भट्टा में यह तोड़फोड़ की गई है। वहां पर स्थित सात मकानों के 8 से 12 फीट तक के क्षेत्र को तोड़ा गया है। यहां पर 50 फीट चौड़ी लिंक रोड का निर्माण किया जाना है। जिन मकानों के हिस्से को तोड़ा गया वहां पर पहुंचने के बाद निगम की टीम के द्वारा मकान में रहने वाले लोगों को तोड़फोड़ की जानकारी देते हुए उस हिस्से में रखे गए सामान को हटवाया गया। इसके बाद तोड़फोड़ को अंजाम दिया गया। इस कार्रवाई को करने के लिए निगम के द्वारा चार जेसीबी और पोकलेन मशीन लगाई गई थी।



**बाणगंगा क्षेत्र में निगम ने की बड़ी कार्रवाई**

# सड़क चौड़ीकरण को लेकर रहवासियों ने किया पार्षद कार्यालय का घेराव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**विधानसभा दो के वार्ड क्र.19 के मुखर्जी नगर की गली नं. 4 के रहवासियों ने क्षेत्रीय पार्षद संध्या-राधांकिशन जैसवाल के कार्यालय का घेराव किया। आमतौर पर सड़क चौड़ीकरण होता है तो क्षेत्रीय रहवासी विरोध करते है, लेकिन यहां उल्टा मामला है।**





रहवासी अपनी गली की सड़क चौड़ी करवाना चाहते है। रहवासियों का आरोप है कि पार्षद द्वारा पक्षपात किया जा रहा है। रहवासी चाहते है कि गली के कार्नर पर कुछ मकान तय सीमा से बाहर तक बने हुए है। इन मकान में तोड़फोड़ भी कम की जा रही है, जिसके कारण गली की चौड़ाई कार्नर से कम और अंदर ज्यादा है।रहवासियों ने इसको लेकर बड़े आंदोलन की चेतावनी भी दी है। हालांकि क्षेत्रीय पार्षद रहवासियों से फिलहाल नहीं मिली। आरोप है कि रहवासियों को देख पार्षद कार्यालय का ताला लगा दिया गया।

## सिंधी समाज कल मनाएगा थदडी पर्व, लगेगा ठण्डे व्यंजनों का भोग

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** सिंधी समाजजन कल अपना मुख्य त्योहार थदड़ी पर्व मनाएगा। संजय पंजाबी ने बताया कि सिंधी समाज के घरों में कल चूल्हा नहीं जलेगा, आज ही घरों में कल के लिए भोजन बनाया जाएगा। माता का पूजन कर ठण्डे व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। कुछ घरों में बहनें भाई को राखी भी बांधेगी।

# 'आपदा मित्र' प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र का शुभारंभ

### आपदा में फंसे लोगों को बाहर निकालना, जरूरत पड़ने पर अस्थाई नाव और स्ट्रेचर तैयार करना भी बताया गया



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण इंदौर के निर्देशानुसार इंदौर में सात दिवसीय 'आपदा मित्र' प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय सत्र का शुभारंभ किया गया। प्रीतिबाला सिंह, डॉ. मधु राजेश तिवारी अतिथि थे। प्रशिक्षण एसडीआरएफ प्रशिक्षण केंद्र, रालामंडल, इंदौर में आयोजित किया जा रहा है। द्वितीय सत्र में लगभग 150 आपदा मित्रों का पंजीयन किया गया है। इंदौर जिले में कुल 900 आपदा मित्रों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इन्हें चरणबद्ध रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, ताकि आपदा की स्थिति में प्रशिक्षित आपदा मित्र स्थानीय स्तर पर त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों में प्रभावी भूमिका निभा सकें। आपदा मित्रों को आपातकालीन परिस्थिति से निपटने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें प्राथमिक उपचार, सीपीआर, घायलों को राहत दिलाने, जीवन रक्षक सहायता देने, खोज औ बचाव कार्य में आपदा में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने, बाढ़ और जल भराव की स्थिति में लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने, आग लगने पर प्रारंभिक आग पर नियंत्रण, घायलों को सुरक्षित निकालकर उपचार के लिए पहुंचाना। अस्थाई नाव राफ्ट, स्ट्रेचर तैयार करने के लिए आपदा की परिस्थिति में केले के तने, प्लास्टिक की बोतल और अन्य सामग्री का उपयोग कैसे किया जाए यह भी बताया जा रहा है। यह प्रशिक्षण होम गार्ड के अविनाश दीनकर दे रहे हैं।

# दूध के भाव पर किसानों का ज्ञापन



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** दूध के उचित एवं लागत आधारित मूल्य की मांग को लेकर किसानों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए अधिकारी को ज्ञापन सौपा। जिसमें दूध के भाव लागत के आधार पर तय करने तथा किसानों को उचित मूल्य दिलाने की मांग की। किसान नेताओं ने कहा कि पिछले लंबे समय से पशु आहार, चारा, दाना, पशु चिकित्सा, बिजली, मजदूरी एवं अन्य कृषि-पशुपालन लागत में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, लेकिन दूध के भाव में लागत के अनुरूप वृद्धि नहीं की जा रही है। इसके चलते दूध उत्पादक किसान लगातार आर्थिक नुकसान और घाटे का सामना कर रहे हैं। किसान नेता बबलू जाधव ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने की बात करती है, लेकिन दूध उत्पादन करने वाले किसानों की वास्तविक लागत और उनकी मेहनत का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि दूध के भाव को गंभीरता से लेते हुए तत्काल किसानों, दुग्ध संघ एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर ठोस एवं न्यायसंगत निर्णय लिया जाए।

# इंस्पायर अवार्ड के लिए पंजीयन और विद्यार्थियों के नामांकन

## *शिक्षा विभाग ने भेजा सभी स्कूलों के प्राचार्यों को पत्र*

### केन्द्र सरकार की योजना में हर स्कूल से 5 विद्यार्थियों का करना है चयन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी शासकीय-अशासकीय और सभी बोर्ड के प्राचार्य को पत्र भेजा, जिसमें भोपाल अपर संचालन लोक शिक्षण सहायक पत्र का हवाला देकर इंस्पायर अवार्ड मानक के लिए पंजीयन और विद्यार्थियों के नामांकन कराने के निर्देश दिए। केन्द्र सरकार के विज्ञान और प्रोद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित इस योजना के लिए ऑनलाइन नामांकन प्रारंभ हो चुके हैं। जिन विद्यालयों ने पूर्व में नामांकन इस योजना में नहीं कराए हैं उन्हें पहले नामांकन कराना होगा, उसके बाद योजना के प्रचलित दिशा-निर्देशों के अनुसार कक्षा छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के मौलिक और नवाचारिक विचारों का चयन कर पोर्टल लिंक पर भेजना होंगे। हर विद्यालय से 5 विद्यार्थियों का नामांकन किया जाना है। इसके लिए विद्यालय का नामांकन कराना है और नामांकन की अंतिम तिथि 15 सितम्बर है। अगर किसी विद्यालय को कोई समस्या आती है, तो वे नोडल अधिकारी भारती पंवार, शैलेन्द्र कंटक से सम्पर्क कर सकते हैं। वहीं सभी स्कूलों के संकुल प्राचार्य इस योजना को देख रहे हैं कि कोई भी स्कूल योजना से वंचित ना रहे इसलिए संकुल प्राचार्य अपने अधीन स्कूलों के प्राचार्यों से सम्पर्क साध रहे हैं। उक्त निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किए हैं।



# सांख्यिकीय क्षमता संवर्धन पर कार्यशाला

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

मध्यप्रदेश राज्य सांख्यिकी आयोग के सहयोग से सांख्यिकीय क्षमता संवर्धन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के माध्यम से क्षेत्रीय एवं जिला स्तर पर कार्यरत सांख्यिकीय कर्मियों (तकनीकी संवर्ग) की प्राथमिक क्षमता विकास आवश्यकताओं की पहचान करना था। संभाग स्तर के सभी जिलों के खंड स्तर अन्वेषक एवं सहायक सांख्यिकी अधिकारियों के लिए यह प्रशिक्षण सहकार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य सांख्यिकीय कार्यों से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तकनीकी दक्षता और कार्य क्षमता में वृद्धि करना तथा सांख्यिकीय आंकड़ों के संकलन, विश्लेषण एवं उपयोग से संबंधित आवश्यक कौशल का विकास करना रहा। प्रेमचंद परस्ते, डॉ. सुजय फाटक, सेमुअल डेविड ने अपनी भूमिका निभाई।

# आयुक्त के सामने पहुंचे 31 आवेदन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने कल मुख्यालय पर जनसुनवाई में आवेदकों से बातचीत की। 31 आवेदन शिकायत के पहुंचे। अलग-अलग विभाग के अधिकारियों को तत्काल शिकायती आवेदन देकर कार्रवाई के निर्देश भी आयुक्त ने दिए, अधिकारी भी मौजूद रहे।



# पेट्रोल पम्प पर लगा चेतावनी बोर्ड

### *20 प्रतिशत एथेनॉल पेट्रोल मिलता है, हमारी कोई जवाबदारी नहीं*




**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** हाईवे के पेट्रोल पम्प के बाहर चेतावनी का बोर्ड लगा है, जिस पर लिखा है कि पेट्रोलियम मंत्रालय के आदेश के बाद ऑयल कम्पनियों द्वारा 20 प्रतिशत एथेनॉल पेट्रोल में मिलाकर सप्लाय किया जा रहा है। यह एथेनॉल पानी में घुलनशील है। गाड़ी की फ्यूल टंकी में पानी-माईश्चर इससे हो सकते हैं, इसलिए समय-समय पर वाहन की पेट्रोल टंकी साफ कराई जाए और परेशानी से बचा जाए।

# बदहाल सड़क की मुसीबत से रहवासी परेशान



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विधानसभा 1 के धार रोड स्थित केशव नगर की बदहाल सड़क रहवासियों के लिए मुसीबत बनकर परेशानी पैदा कर रही है। स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों और नमाज पढ़ने वाले नमाजियों को भी दिक्कत आ रही है। बरसात होने पर गड्ढों में पानी भरा जाता है और रास्तों से निकलना मुश्किल हो जाता है, कई बार वाहन फंसते हैं, गिरते हैं, कीचड़ और गंदे पानी से रहवासियों को निकलना पड़ता है, सफाई व्यवस्था भी ठीक नहीं है।



# राष्ट्रीय ब्राह्मण संवाद कार्यक्रम

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

भगवान परशुरामजी की जन्मस्थली जानापाव में संयुक्त ब्राह्मण समन्वय समिति द्वारा आयोजित राष्ट्रीय ब्राह्मण संवाद कार्यक्रम में अतिथि, पदाधिकारी और ब्राह्मण समाजजन मौजूद रहे। अनिल मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मण व सवर्ण समाज राजनीतिक विकल्प तैयार करें। वहीं सुरेन्द्र चतुर्वेदी ने कहा कि जानापाव देश में ब्राह्मण व सवर्ण आंदोलन को नई दिशा देगा। ब्राह्मण समाज के देशभर से आए प्रतिनिधियों को सार्थक सम्बोधन दिया। संवाद कार्यक्रम में आरक्षण मे संशोधन तथा सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू करने, एट्रोसिटी एक्ट में संशोधन करने, यूजीसी रोलबैक करने, स्वर्ण आयोग का गठन करने तथा संपूर्ण देश भर में राजनीतिक विकल्प तैयार करने का प्रस्ताव पास हुआ तथा सवर्ण आंदोलन के लिए एक नई दिशा तय कर आगामी दिनों में दिल्ली में बड़ा आंदोलन और प्रदर्शन करने का निर्णय किया गया। अनिल मिश्रा, सुरेन्द्र चतुर्वेदी, नर्मदाशंकर भार्गव,कीर्तिश धामारीकर शास्त्री ने उदबोधन दिए। विष्णु राजोरिया, कृपानिदान तिवारी, अयोध्या उपेंद्रनाथ त्रिपाठी, सुभाष तिवारी, रघु मिश्रा, नानकचंद शर्मा, आशुतोष झा, राधेश्याम शर्मा, माधवी झा, तीर्थप्रकाश फरसावाला, विजया अवस्थी, किरण पांडे, अरविंद उपाध्याय, पंकज त्रिपाठी, तिलोकनाथ तिवारी, अनुप मिश्रा, राजीव शुक्ला, जयप्रकाश पुरोहित. राकेश चतुर्वेदी, गौरीशंकर शर्मा, रामनारायण अवस्थी सहित अन्य मौजूद थे।



# आज शाम हाथरसी राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राष्ट्रीय कलमकार मंच के तत्वावधान में काका हाथरसी राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आज प्रीतमलाल दुआ सभागार में शाम 7 बजे आयोजित होगा। इस वर्ष प्रतिष्ठित काका हाथरसी पुरस्कार प्रख्यात हास्य-व्यंग्य कवि अशोक भाटी को प्रदान किया जाएगा। समारोह में शहर के साहित्यकारों, कवियों, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों, समाजसेवियों और प्रबुद्धजनों की विशेष सहभागिता रहेगी। आयोजन में पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, रामबाबू अग्रवाल, दिलीप राजपाल, सुभाष खंडेलवाल, सत्यनारायण सत्तन, सत्येन्द्र वर्मा, कमलेश्वरसिंह सिसोदिया, पंकज विरमाल सहित अन्य अपनी भूमिका निभाएंगे। कवियों में डॉ. राजकुमार रंजन, रजिया बैगम जिया, मिथुन मिथिलेस, डॉ. ममता सिंह काव्य पाठ करेंगे।

# लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रस्तुति



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अहिल्या उत्सव समिति द्वारा आयोजित लोक नृत्य प्रतियोगिता में अलग-अलग स्कूलों के विद्यार्थियों ने लोक गीतों के साथ प्रस्तुतियां दीं। सुधीर देड़गे, प्रशांत बड़वे, अपर्णा भावे, मीनू, शिल्पा दीक्षित, सुनील धर्माधिकारी, समीर पानसे, दमियंती भाटिया, निविदिता पाण्डया, नितिन तापड़िया, राम मूंदड़ा, सरसु वाघमारे ने बताया कि 22 स्कूलों के 450 विद्यार्थियों ने शिरकत की। 7 संस्थागत समूह ने भी भाग लिया। विजेता स्कूलों को पुरस्कृत किया गया। अतिथि नरेन्द्र फणसे, डॉ. प्रमोद नीमा थे। कार्यक्रम में लता बडवे, नवनीत हार्डिया, विशाल क्षीरसागर, यश घामौरे, मनीषा सुपेकर, वैशाली ऊर्ध्वरेखे, देवेंद्र ईनाणी, मेघा जोशी, मानसी बेहरे, लीना धर्माधिकारी मौजूद थे।

# दादी धाम पर अमावस को महोत्सव कार्यक्रम

## मंगल पाठ और भजन संध्या भी होगी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। माउंट बर्ग कालोनी दादी धाम नायता मुण्डला में 11 सितम्बर अमावस को श्री राणी सती दादी का भादी अमावस्या महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत डेली पूजन, श्रृंगार, 56 भोग प्रसादी के साथ ही मंगल पाठ वाचन, महाआरती, भजन संध्या का आयोजन होगा। विष्णु अग्रवाल, मुरारी शाह, विनोद अग्रवाल (भीकनगांव), वासु टिंबरेवाल, कृष्ण गुप्ता ,विकास केडिया, कमल गोयल आयोजन से जुडे हुए है। सुबह 5.30 बजे अभिषेक, पूजन के बाद डेली पूजन और अन्य आयोजन होंगे। 56 भोग, सवामुनि प्रसाद भी अर्पण होगा। डाली अग्रवाल कोलकाता दादी की मंगल पाठ करेगी। गायक गोपाल मिश्रा रात 8 बजे से भजनों की प्रस्तुति देंगे। भोजन प्रसादी का आयोजन भी शाम से रहेगा।

# फुले को याद कर की गई कई प्रतियोगिताएं



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। महात्मा ज्योतिबा राव फुले के जन्म जयंती अवसर पर स्कूल ऑफ सोशल वर्क कॉलेज में प्रश्न, भाषण, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन 200 छात्रों के बीच किया गया। विजेताओं को फुले के छाया चित्र और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यार्थियों ने नाट्य प्रस्तुत किया। राहुल निहोरे, हुकुमचंद जादम, तुकाराम पगारे, दिनेश मोहंतो, फादर पायस, सलीम शेख, आनंद मरमट, डॉ. एसएस नैय्यर, राधा पंवार, ऋषभ पंवार, प्रमोद नामदेव, संगीता अनुरागी सहित अन्य मौजूद थे।



# बैरवा महासभा में संजना जीनवाल को जिम्मेदारी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अ.भा. बैरवा महासभा प्रदेश युवा प्रकोष्ठ की बैठक में संजना मोनू जीनवाल को प्रदेश महिला प्रकोष्ठ का प्रदेश महामंत्री नियुक्त कर सम्मान किया गया। राजेश जारवाल, महेश जीनवाल, अर्चना जीनवाल, ध्रुव नंगवाडे, कपिल जाटवा, सुरेंद्र मरमट, महेश गोठवाल, मनोहर लोदवाल सहित अन्य मौजूद थे।

# सिवनी के लाड़ले सरकार की निकलेगी शोभा यात्रा



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विवेक मिश्रा की स्मृति में सिवनी के लाडले सरकार और बाल लीलाओं के लिए चर्चित का आगमन 4 सितम्बर की शाम 4 बजे रामगंज जिंसी में होगा। 5 सितम्बर को गोद खिलाई और शोभायात्रा का आयोजन रोकड़िया हनुमान मंदिर से रामगंज जिंसी तक होगा। आय़ोजन से डीपी मिश्रा, विजयलक्ष्मी मिश्रा, विकास मिश्रा जुड़े हुए हैं।



# पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि और सेवा आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। स्वतंत्रता सेनानी स्व. श्री उमरावमल सेठिया की धर्मपत्नी एवं वीरांगना स्व. चंद्रकांता सेठिया की पुण्यतिथि के अवसर पर द्वारकापुरी स्थित वृंदावन धाम अमरलाल वृद्धाश्रम में श्रद्धांजलि एवं सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। चित्र पर पुष्पांजलि की गई, वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों को खाद्य सामग्री सेवा के रूप में दी गई। सुधीर सेठिया, संगीता सेठिया, उमेश पारेख, कंचन गिदवानी, राजेश भंडारी, राजेश संचेती, एस टीटू, भरत सहित अन्य मौजूद थे।

# दुबे और शुक्ला होंगे गौरव सम्मान से सम्मानित



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मातृभाषा उन्नयन संस्थान दो वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. पुरुषोत्तम दुबे एवं भोपाल से कांति शुक्ला को 'जीवन गौरव सम्मान' से सम्मानित करेगा। डॉ. अर्पण जैन ने बताया कि दोनों ने पुस्तकों का लेखन किया है। 13 सितम्बर को यह कार्यक्रम हिन्दी साहित्य समिति में होगा।

# झूला उत्सव का समापन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। वेंकटेश मंदिर छत्रीबाग में 15 दिवसीय झूला उत्सव का समापन श्रद्धालुओं की मौजूदगी में भगवान गोविंदा के जयकारों के साथ हुआ। भगवान को झूला से उतारा गया और अपनी जगह स्थापित किया गया। इस दौरान भजनों की प्रस्तुति भी हुई। पंकज तोतला, पवन व्यास, ऋषि शर्मा, आनंद बजाज, गोपाल नागोरी, शेषनारायण भूतड़ा, हितेश तोतला, बिनीत गोयल, देवेंद्र जोशी, नंदलाल शर्मा, गजेंद्र राठौड़, सुखदेव मौजूद थे।

# 26 शिक्षकों का सम्मान



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। महू शिक्षक पेढ़ी ने 26 शिक्षकों के सम्मान का आयोजन किया। इनमें ज्यादातर सेवानिवृत्त शिक्षक है, जिनमें अरविंद मुलेवा, अनंत पटेल, डॉ. सदाशिव सुले, नरेंद्र केलोत्रा, हीरालाल केलवा, रॉबर्ट नरोन्हा, केदार सिसोदिया, मेरी जॉन नरोन्हा, संगीता फ्रांसिस, अंजना कांबले, महेश धारविया, राजेश जैदिया, फारुख शेख आदि सम्मानित हुए। कार्यक्रम में भेरूसिंह चौहान, राजेन्द्र ठाकुर, धीरेन्द्र जोशी, गोविंद मालवीय, नारायणप्रसाद चौहान, मोहनलाल शर्मा, सुनीता जैन, हरिराम चौहान, मधु डामोर, मनोहर जायसवाल, मुकेश बूँदड़, विक्रमसिंह वर्मा, गोकुल पाटिल सहित अन्य मौजूद थे। उक्त जानकारी द्रोणाचार्य दुबे ने दी।



# विमुक्ति दिवस पर आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विमुक्ति दिवस समारोह का आयोजन कार्यालय ग्राहक पंचायत, नारायण बाग में किया गया। आयोजन में अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का संकल्प लिया गया। विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू समाजजनों को इसका लाभ मिले इस पर भी चर्चा हुई। गिरधारी राठौर, राकेश पाल, प्रकाश मानावत, नेमीचंद नायक, बबलू राठौर, अनिल सोनी, विजय जायसवाल मौजूद थे।

# जैन परवार सभा करेगी प्रतिभा सम्मान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। दिगम्बर जैन परवार समाज इस साल भी मेधावी छात्रों और प्रतिभा सम्मान का आयोजन 6 सितम्बर रविवार को दोपहर 2 बजे से चन्द्रप्रभा मांगलिक भवन अँजनी नगर में किया जाएगा। कक्षा 8वीं से 12वीं तक 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले और उच्च शिक्षा के मेधावी छात्रों का सम्मान होगा। गोल्ड, सिल्वर मेडल, प्रशस्ती पत्र और मोमेंटो भी दिए जाएंगे। आयोजन से राकेश जैन चेतक, अनिल रावत, सुधीर जैन, अनिल जैन, सतीश डबडेरा, हेमंत मोदी जुड़े हैं।



## 14 वर्षीय सानिका की 'अचरज की फुसफुसाहट' प्रकाशित

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** 14 वर्षीय छात्रा और कवयित्री सानिका एस. शर्मा की पहली प्रकाशित कविता पुस्तक 'अचरज की फुसफुसाहट' प्रकाशित हुई है। सानिका कक्षा 9वीं की छात्रा हैं और कम उम्र में ही लेखन एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। सानिका के पिता सिद्धार्थ शर्मा वैल्यूर एवं इंजीनियर हैं, जबकि उनकी माता पूनम शर्मा कंस्ट्रक्शन कारोबार से जुड़ी हुई हैं।

## विस्तारित परिसर का शुभारंभ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** वैशाली नगर मेन रोड स्थित डॉ. ऐश्वर्या फिजियो क्लिनिक के विस्तारित परिसर का शुभारंभ किया गया। एमआईसी सदस्य अभिषेक शर्मा बबलू, पार्षद प्रशांत बर्वे, मुकेश-संगीता कचोलिया मौजूद रहे।





## गायन स्पर्धा का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था कवि, कला और कलाकार कल्याण कोष द्वारा आयोजित कराओके सिंगिंग प्रतियोगिता प्रीतमलाल दुआ सभागृह में 30 से अधिक गायक गायन के लिए शामिल हुए। विजेता रिद्धी तिवारी, राजा दुबे, देविका सतीश पंचोली रहे। दिलीप राजपाल, अभिषेक जाट, डॉ. विजय सालवीय, अशोक डावरे, हरबेलसिंह चड्ढा, श्याम पांडे, श्रीकांत अन्वेकर, ओमप्रकाश चंदन, सुनील वर्मा, एलएन पुरोहित, सुनील रघुवंशी, जितेन्द्र शिवहरे उपस्थित थे।

## नर्मदा-शिप्रा संगम केवड़ेश्वर पर पौधारोपण



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नर्मदा-शिप्रा संगम केवड़ेश्वर पर 251 फलदार पौधों का रोपण किया गया। 5 हजार से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। संस्था समृद्ध से जुडे युवा समाजसेवी लोकेश अवस्थी लक्की ने बताया कि अभियान के तहत अलग-अलग प्रजातियों के पौधे नदी किनारे लगाए जाएंगे। संस्था द्वारा आने वाले दिनों में पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिसमें विभिन्न समाजों के लोग अपने परिवार के साथ शामिल होकर पौधे लगाएंगे। इसका उद्देश्य नदी किनारों को हरियाली से समृद्ध करना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। पौधारोपण में लक्की अवस्थी, पूर्व विधायक संजय शुक्ला, अनू वाजपेयी, अर्जुन क्षेत्रीय, अशोक चौहान चांदू, समृद्ध अवस्थी, बंटी ठाकुर, कैलाश मानवत, गोविंद सिसोदिया, योगेश डांगी, बबलू जोधा, हनी यादव, विजय जोशी, महावीर जैन सहित समाजजन मौजूद रहे।

## वैश्य परिचय सम्मेलन की तैयारियों की आज बैठक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मप्र वैश्य महासम्मेलन द्वारा विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए 26-27 सितंबर को रिंग रोड स्थित दस्तूर गार्डन पर होने वाले अ.भा. वैश्य परिचय सम्मेलन के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन के उद्देश्य से शहर के प्रमुख महिला संगठनों की बैठक वैश्य महिला इकाई के तत्वावधान में आज अपराह्न 3.30 बजे आरएनटी मार्ग स्थित होटल अप्सरा में रखी गई है।

## कान्यकुब्ज सभा समाज के शिक्षकों का करेगी सम्मान

### पहले लिए जाएंगे आवेदन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री कान्यकुब्ज प्रचारिणी सभा द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दे रहे समाज के शिक्षकों का सम्मान समारोह 6 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। इन शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में महानुभावों के नाम से अवार्ड देकर शिक्षकों का सम्मान छोटा बांगड़दा रोड स्थित महादेवी भगवती पैलेस गार्डन में शाम 5 बजे से किया जाएगा। संजय शुक्ला, अनूप वाजपेयी, अर्चना सुनील अवस्थी, सुलेखा शुक्ला, सतीश पांडे आयोजन से जुडे हैं। सम्मान के लिए 4 सितम्बर तक आवेदन करना है।

## राष्ट्रगीत और राष्ट्र गान के बाद श्रद्धांजलि आयोजन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** स्वतंत्रता सेनानी एवं संयुक्त संगठन ने स्वतंत्रता सेनानी वंशजों की उपस्थिति में राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान गाया। कार्यक्रम राजबाडा स्थित अहिल्या माता परिसर पर किया गया। गीत और गान एवं नेपाल त्रासदी में दिवंगत हुए सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित कर 2 मिनट का मौन रखा गया। अहिल्या माता का पूजन और माल्यार्पण का आयोजन भी हुआ। अजयनारायण सीतलानी, दिलीप राजपाल, अर्चना जायसवाल, दीपक मलोरिया, विकास जोशी, ईश्वर जोशी, मुकेश सचदेव, सुभाष जैन, दिनेश दुबे, राधेश्याम गुप्ता, उमाशंकर रायकवार, राधा पवार, सुधा भंडारी, सुधीर ज़ैन, पुष्पा जोशी, श्रीमती सीतलानी, राकेश शास्त्री,दिलीप ठक्कर, सुनील अग्रवाल, गफ्फार खान, अनोखीलाल अंगदेले. अजीत ठाकुर, मो. हारुन, मनोहरसिंह तोमर मौजूद थे।



## अग्र बंधु पहुंचे ईस्ट खासी हिल्स

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था अग्रसेन यूथ क्लब के 42 सदस्यों ने कल पूर्वोत्तर भारत यात्रा के दौरान मेघालय स्थित एशिया के सबसे स्वच्छ गाँव के रूप में प्रख्यात मौलिन्नोंग ईस्ट खासी हिल्स की यात्रा की। सौरभ गोयल बालाजी, प्रतीक गुप्ता, विनोद बागड़ी, रितेश मित्तल, शरद गोयल, शिरीष गोयल, महेश अग्रवाल, अजय ईजिओ, सुनील बद्रुका सहित अन्य मौजूद थे।

## पुलिस कमिश्नर के पास पहुंचे 96 आवेदन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कल पुलिस कमिश्नर कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने 96 आवेदन लिए और सभी की शिकायतों को सुन अधिकारियों को निर्देशित किया। कई समस्याओं का निदान किया और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

## सेंट्रल जेल में स्वास्थ्य शिविर

### 253 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सेंट्रल जेल में आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में बन्दियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा सेवाएं आयुष विभाग के अधिकारियों के निर्देशन में आयोजित की गईं। 253 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उपचार भी बताया। डॉ. मीना भायल, डॉ. हंसा बारिया, डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ जितेन्द्र भालसे, डॉ. महेश पोरवाल, डॉ. ज्योति बडोले, डॉ. रंजीता चौहान, डॉ अंकिता जैन, रचना निगम, वर्षा सक्सेना, उमेश चौहान, अंकिता भारत, माधुरी श्रीवंश, ऋतु रामपुरी, प्रदीप शर्मा, रेखा भदौरिया, बसंती डोडवे, जेल के दिनेश नरवले, श्रीनागर ने भी अपनी भूमिका निभाई।



## वरिष्ठ नागरिकों के सदाबहार ग्रुप ने किया आयोजन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आनंदवन-2, स्कीम नंबर 140 के वरिष्ठ नागरिकों के सदाबहार ग्रुप द्वारा तंबोला सहित विभिन्न मनोरंजक खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके साथ ही फिल्मी गीतों पर सदस्यों ने नृत्य किया और भोजन का आयोजन भी किया। मालती तारकेश्वर सिंह, आशा विनोद खंडेलवाल, प्रिया प्रवीण भागवत, उमा महेश शर्मा, शकुंतला डॉ. सुभाष तिवारी, रजनी केशव गुप्ता, कनक प्रफुल्ल भार्गव, संगीता विजय खंडेलवाल, ममता मुकेश गंगराड़े, लौंगश्री डॉ. रामस्वरूप तोमर, राखी संदीप भार्गव, आभा कृष्ण कुमार अरोरा, निशा सिंह, डॉ. जी.एस. विश्वकर्मा, कैलाश जिंदल, जयकिशन हेमनानी, डॉ. आनंद सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# पिपलिया पाला गुरुद्वारे के सामने नया बगीचा तैयार

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। राऊ विधानसभा के शहरी क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 74 में पिपलिया पाला गुरुद्वारा के सामने स्थित खाली जगह पर नया बगीचा बनकर तैयार हुआ है। यही नहीं क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर निगम द्वारा हाल ही में सौंदर्यकरण और सजाने-संवारने की योजना के अंतर्गत यहां लाखों रुपए खर्चकर सालों से खाली पड़ी अनउपयोगी जगह पर आकर्षक बगीचे का निर्माण किया गया है। जहां क्षेत्र के रहवासियों और गुरुद्वारा आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बगीचे में सुबह - शाम घूमने के लिए लंबा-चौड़ा वाकिंग ट्रेक भी बनाया गया है।

### हरियाली के लिए चल रहा रहवासियों का पौधा रोपण अभियान

यही नहीं साथ ही नए बगीचे में हरियाली और खूबसूरती के लिए क्षेत्र के रहवासी और आसपास के व्यापारियों द्वारा ग्रीनरी के लिए वर्तमान में यहां एक से बढ़कर एक पेड़ - पौधे लगाने का अभियान भी लगातार चलाया जा रहा है। गुरुनानक कॉलोनी क्षेत्र के रहवासी और व्यापारियों का कहना है कि हाल ही में तैयार शानदार बगीचे में अब रोशनी के लिए निगम और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से लाइटिंग की मांग की जा रही है। लोगों का कहना है कि रोशनी के लिए लाइटिंग भी लग जाए तो हमारे लिए सोने पर सुहागा हो जाएगा।



### बच्चों से लेकर बड़ों के लिए नया बगीचा है फायदेमंद

खास बात यह है कि सर्विस रोड पर लंबे समय से गुरुद्वारा के ठीक सामने उजाड़ पड़ी खाली जगह पर नया बगीचा बनकर तैयार होने से आसपास के रहवासियों के साथ गुरुद्वारा मत्था टेकने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी यह फायदेमंद साबित हो रहा है। शाम को यहां आसपास की कॉलोनियों और और गुरुद्वारा आने वाले श्रद्धालुओं और बच्चों के लिए यह बगीचा बहुत ज्यादा फायदेमंद साबित हो रहा है।

### विधायक से करेंगे लाइटिंग की मांग

क्षेत्र के रहवासी अनिल पारिक, शर्मा, विकास पारिक, पवन शर्मा का कहना है कि क्षेत्रीय विधायक मधु वर्मा और वार्ड 74 की पार्षद से रहवासियों द्वारा जल्द मिलकर बगीचे में और सुविधाएं जुटाने की मांग की जाएगी। रहवासियों का कहना है कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव और क्षेत्रीय विधायक मधु वर्मा के प्रयासों से गुरुद्वारा के सामने मिले बगीचे में बच्चों के मनोरंजन और यहां आने वाले लोगों के लिए बैठक व्यवस्था की भी मांग की जाएगी। लोगों का कहना है कि बैठक व्यवस्था भी हो जाए तो और ज्यादा इस बगीचे की लोकप्रियता बढ़ेगी। साथ ही रोशनी के लिए लाइटिंग भी लग जाए तो देर शाम तक बच्चे भी यहां खेल सकेंगे। यही नहीं गुरुद्वारा आने वाले श्रद्धालु भी यहां आराम से बैठ सकेंगे। वहीं नए बगीचे का अंधेरा दूर करने के लिए रहवासी और आसपास के व्यापारियों द्वारा विधायक मधु वर्मा और महापौर से मांग की जा रही है कि यहां लाइटिंग लगाकर बगीचे का अंधेरा भी दूर किया जाए।

### तीन इमली से अभिनव नगर तक

# वाहन चालकों की राह अब होगी आसान

**बचे हिस्से में सड़क बनने से अस्पताल जाने वालों को भी होगा फायदा**




इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। तीन इमली चौराहे से जूपिटर हॉस्पिटल तक लंबे समय से बन रही सर्विस रोड निर्माण का कार्य पिछले कई महीनों से अटका पड़ा था। वहीं अब पिछले दिनों सांध्य दैनिक सिटी ब्लास्ट में उक्त आधी-अधूरी सड़क को लेकर प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित की गई थी। इसके बाद निगम अधिकारियों ने मामले में संज्ञान लेकर तीन इमली बस स्टैंड के सामने से लेकर अभिनव नगर के गेट तक के हिस्से में महीनों से आधी-अधूरी पड़ी ऊबड़-खाबड़ सड़क के निर्माण का कार्य अब जाकर पूरा होता नजर आ रहा है। यही नहीं इसका सबसे बड़ा फायदा जहां अभिनव नगर के सैकड़ों रहवासी परिवारों को तो मिलेगा। साथ ही तीन इमली चौराहे से जूपिटर हॉस्पिटल की ओर जाने वाले हजारों वाहन चालकों को भी इसका सीधा फायदा होगा। साथ ही लोगों को लंबे समय से ऊबड़-खाबड़ सड़क और बारिश के गड्ढों से भी राहत मिल जाएगी।

**आईटीपार्क जाने वालों को भी काम पूरा होने का मिलेगा लाभ-** यही नहीं क्षेत्रीय विधायक गोलू शुक्ला के प्रयासों से लंबे समय के बाद तीन इमली सर्विस रोड से जूपिटर हॉस्पिटल और अभिनव नगर के गेट तक एक साइड की आधी - अधूरी सड़क का निर्माण कार्य पूरा हो जाने से इस मार्ग से रात-दिन गुजरने वाले हजारों वाहन चालकों को भी गड्ढों से मुक्ति मिलेगी। साथ ही अभिनव नगर कॉलोनी के सैकड़ों रहवासी परिवारों को भी सालों बाद घर के सामने के मेनरोड के पूरा हो जाने से बड़ी राह आसान होगी। साथ ही रात में भी आने-जाने में सुविधा हो जाएगी।

इसके अलावा नवलखा, पालदा नाका और मूसाखेड़ी से तीन इमली होते हुए आईटी पार्क की ओर जाने वालों को भी उक्त सर्विस रोड के बन जाने से बड़ा फायदा होगा। लोगों को अब बिना पेट का पानी हिले आईं टी पार्क और पिपलियापाला की ओर आसानी से जा सकेंगे।

### हॉस्पिटल के सामने तैयार बगीचे की तर्ज पर

# बंगाली की दूसरी ओर होगा एक और बगीचा तैयार

### ग्रीन बेल्ट के बड़े हिस्से में डेढ़ करोड़ खर्चकर 500 मीटर में होगा विकास



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विधानसभा पांच के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 41 से जुड़े बंगाली चौराहे की सर्विस रोड से लेकर सपना सेंडविच के सामने तक के लगभग 500 मीटर हिस्से में सालों से उजाड़ ग्रीन बेल्ट को संवारकर एक और नए बगीचे का विकास होगा। जिसको लेकर निगम उद्यान विभाग की तैयारी भी शुरू हो गई है। विधायक महेंद्र हार्डिया ने बताया जिस तरह वार्ड 49 के अंतर्गत शकुंतला हॉस्पिटल के सामने वाले बगीचे में निगम के प्रयास से लाखों रुपए खर्चकर क्षेत्र के रहवासियों की सुविधा के लिए आकर्षक बगीचा बनाया गया है उसी तर्ज पर निगम के प्रयासों से आने वाले दिनों में बंगाली चौराहे की दूसरी ओर महादेव तोतला नगर की सर्विस रोड पर चौराहे से करीब 500 मीटर के हिस्से में सपना सेंडविच के सामने तक के हिस्से में सालों से उजाड़ पड़े ग्रीन बेल्ट में करीब डेढ़ करोड़ के आसपास खर्च कर आकर्षक बगीचे का निर्माण किया जाएगा।

खास बात यह है कि डेढ़ करोड़ की लागत से ग्रीन बेल्ट में बनने वाले नए बगीचे में क्षेत्र के आसपास की कॉलोनियों के बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्ग यानी सीनियर सिटीजन की जरूरत और मनोरंजन का भी ध्यान रखा जाएगा। जिसके तहत इस तरह से प्लानिंग की जा रही है कि यहां शकुंतला हॉस्पिटल के सामने बने बगीचे की तर्ज पर संपूर्ण ग्रीन बेल्ट के बगीचे में हरियाली के साथ लंबा-चौड़ा वाकिंग ट्रेक बनाया जाएगा। यही नहीं लोगों के लिए शानदार बैठक व्यवस्था भी की जाएगी। बच्चों के मनोरंजन के लिए खेलकूद के सामान रखें जाएंगे। साथ ही सीनियर सिटीजन और महिलाओं के लिए छत वाले झूले भी लगाए जाएंगे। रोशनी के लिए 25 से ज्यादा डिजाइनर पोल पर आकर्षक लाइटिंग भी लगाई जाएगी। लोगों की सेहत के लिए विधायक हार्डिया के सहयोग से जिम के आधुनिक उपकरण भी लगाए जाएंगे। जहां सुबह - शाम लोग आकर कसरत और व्यायाम भी कर सकेंगे। साथ ही अपने शरीर को भी स्वस्थ रख पाएंगे। इसके अलावा ताजी हवा और हरियाली का आनंद भी ले पाएंगे। इसको लेकर पिछले दिनों भूमि पूजन भी हो चुका है वही अब कहा जा रहा है कि बेहद जल्द यहां निर्माण कार्य और बगीचे का विकास कार्य शुरू करने की तैयारी है।

# रीगल से मधुमिलन तक करोड़ों खर्चकर बनी आदर्श सड़क की अब फीकी होने लगी चमक

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। रीगल स्क्वायर से मधु मिलन चौराहे तक करोड़ों रुपए खर्च कर निगम द्वारा आदर्श सड़क बनाई गई थी। जिसकी वर्तमान में हालात यह है कि फुटपाथ पर बने सेल्फी प्वाइंट पर लंबे समय से अंधेरा छाया हुआ है। यही नहीं सजावट के लिए लगाई गई बैंचों के आसपास की लाइटिंग भी बंद पड़ी हुई।

यही नहीं दोनों तरफ फुटपाथ पर बीच-बीच में लगाए गए डेकोरेटिव बिजली के पोल की आधी से ज्यादा सजावटी लाइटिंग भी कई महीनों से पूरी तरह से बंद पड़ी है। जिसको लेकर सवाल उठ रहे है।

> फुटपाथ संवारकर बनाए सेल्फी पॉइंट पर छाया लापरवाही का अंधेरा सजावट के लिए लगाई लाखों की लाइटिंग लंबे समय से बंद

### सालभर में पलासिया की आदर्श सड़क जैसे होने लगे हालात

गौरतलब है कि पलासिया चौराहे की आदर्श सड़क की हालत इतनी खराब है कि यहां करोड़ों रुपए खर्च कर बनाई गई आदर्श सड़क से रौनक पूरी तरह से गायब हो चुकी है। वहीं सजावटी सामान भी गायब हो गए हैं, लाइटिंग बंद पड़ी है। सेल्फी प्वाइंट भी अंधेरे में डूबे है।

वहीं अब रीगल से मधु मिलन तक पिछले साल तैयार की गई आदर्श सड़क के हालात भी खराब होने लगे हैं। यहां भी पिछले कुछ महीनों से बैठक व्यवस्था के लिए लगाई बेंचों के आसपास की सजावटी लाइटिंग बंद पड़ी है। इसके अलावा रवींद्र नाट्यगृह और देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के बाहर बनाए गए सेल्फी प्वाइंट के आसपास की लाइटिंग भी लंबे समय से बन्द पड़ी हुई है जिसके कारण सेल्फी प्वाइंट के आसपास अंधेरा छाया हुआ है जिससे सवाल उठ रहे है कि साल भर में आदर्श रोड के कैसे हालात हो गए, जैसा पलासिया क्षेत्र की आदर्श सड़क के हाल बेहाल है। यहां निगम के जिम्मेदार अधिकारियों के ध्यान नहीं देने से एक के बाद एक सजावटी लाइटिंग बंद हो गई तो कहीं लाइटिंग गायब ही हो गई। इसके अलावा आदर्श रोड के सेल्फी प्वाइंट की चमक भी फीकी पड़ गई। वहीं अब यही हाल रीगल से मधु मिलन तक की आदर्श सड़क के होने लगे है। समय रहते ध्यान नहीं दिया तो यहां से भी सजावटी आइटम गायब होने लगेगी। अभी हालत यह है कि सजावटी लाइटिंग बंद होने के साथ सेल्फी पॉइंट में देवी अहिल्या की प्रतिमा लगानी थी वह भी आज तक नहीं लगी। इसके अलावा फुटपाथ पर लगाए गए सजावटी आइटम उखड़ने लगे है, जिसको लेकर लोगों में नाराजगी है। आसपास के लोगों का कहना है कि करोड़ों खर्च का दवा और साल भर में आधी से ज्यादा लाइटिंग बंद होने से अंधेरा छाया है लेकिन जिम्मेदार है कि ध्यान नहीं दे रहे है।

## संपादकीय

### बच्चे की गलती का जवाब सजा नहीं, स्कूलों में कब रुकेगा शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना का सिलसिला

कई स्तर पर प्रशिक्षण हासिल कर शिक्षक बनने के बावजूद यह समझना जरूरी क्यों नहीं समझा जाता कि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को अगर किसी बात पर दंडित किया जाता है, तो उसके कोमल मन-मस्तिष्क पर कैसा असर पड़ता है। इस संबंध में दुनिया भर में न जाने कितने अध्ययन सामने आ चुके हैं कि स्कूली बच्चों को किसी भी रूप में प्रताड़ित नहीं किया जाना चाहिए। देश में सभी शिक्षक इसके लिए न केवल शैक्षिक दायित्व के मुताबिक, बल्कि कानूनी रूप से भी बाध्य हैं। मगर यह समझना मुश्किल है कि कुछ शिक्षकों को बच्चे की किसी गलती का समाधान सिर्फ उन्हें अलग-अलग तरह से दंडित या प्रताड़ित करने में ही क्यों नजर आता है। दिल्ली के विनोद नगर इलाके में एक सरकारी स्कूल में ग्यारह साल की बच्ची का कसूर सिर्फ इतना था कि वह अपनी कक्षा की किताबें ले जाना भूल गई थी। सिर्फ इसलिए शिक्षिका ने उसे कक्षा में पीछे हाथ ऊपर कर खड़े होने की सजा दे दी। इससे उसकी तबीयत बिगड़ गई और इलाज के दौरान कुछ दिन बाद मौत हो गई। हाल ही में आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में भी एक छह वर्षीय बच्चे को होमवर्क न कर पाने पर शिक्षिका ने पीटा और उसके बाद उसकी मौत हो गई। मंगलवार को हरियाणा के फरीदाबाद में सिर्फ बिरयानी खाने के सवाल पर एक छात्रा को चार घंटे तक खड़ा रहने की सजा दी गई। खबरों के मुताबिक, इससे आहत होकर उसने स्कूल की छत से कूद कर जान दे दी। सवाल है कि कई स्तर पर प्रशिक्षण हासिल कर शिक्षक बनने के बावजूद यह समझना जरूरी क्यों नहीं समझा जाता कि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को अगर किसी बात पर दंडित किया जाता है, तो उसके कोमल मन-मस्तिष्क पर कैसा असर पड़ता है। शिक्षण के नियम-कायदों से लेकर शीर्ष अदालत के दिशा-निर्देश इस मामले में बिल्कुल स्पष्ट हैं। हैरानी की बात है कि कुछ शिक्षक इन नैतिक और कानूनी तकाजों को ताक पर रख कर स्कूल परिसर में भी अपनी विचित्र कुंठाओं से संचालित होते हैं और बच्चों को अलग-अलग तरीके से प्रताड़ित करते हैं। जबकि कुछ बच्चे ऐसे हो सकते हैं, जिन पर कक्षा में प्रताड़ित किए जाने का घातक असर पड़े। अगर एक शिक्षक को स्कूल में किसी बच्चे की चूक में सुधार की जरूरत महसूस होती है और इसके लिए वह उसे दंडित करना ही एकमात्र उपाय मानता है, तो क्या यह उसके व्यक्तित्व, विवेक, प्रशिक्षण और जिम्मेदारी में कमी का सूचक नहीं है।

## ग्रुप में मेंटेनेंस का मैसेज डालने पर विवाद

**बदमाशों ने युवक के सिर पर चाबी से किया हमला**

**इंदौर।** राऊ थाना क्षेत्र में कॉलोनी के व्हाट्सएप ग्रुप पर मेंटेनेंस का मैसेज डालना एक रहवासी को भारी पड़ गया। इसी बात से रंजिश रखकर पड़ोसियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवक पर हमला कर दिया। बदमाशों ने चाबी जैसी नुकीली चीज से वार कर पीड़ित का सिर फोड़ दिया और दोबारा मैसेज करने पर जान से खत्म करने की धमकी देकर भाग निकले।

पुलिस के अनुसार, पलाश परिसर फेस-02, राऊ निवासी सूरज पिता राधेश्याम यादव ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने कॉलोनी के ग्रुप में मेंटेनेंस की व्यवस्था को लेकर एक मैसेज डाला था। इसी बात से नाराज होकर कॉलोनी में ही रहने वाले आरोपी संतोष प्रजापति और सुनील वाल्मीकि अपने अन्य साथियों के साथ उनके पास पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने सूरज के साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान बदमाशों ने हाथ में ली किसी चाबी जैसी चीज से पीड़ित के सिर पर जोरदार वार कर दिया, जिससे उनका सिर फट गया और खून बहने लगा। मारपीट में पीड़ित की छाती और पीठ पर भी गंभीर चोटें आई हैं। जाते-जाते आरोपी धमकी दे गए कि यदि आगे से ग्रुप में मेंटेनेंस को लेकर कुछ लिखा तो जान से मार देंगे।

### सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 148500 | 150100 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 230000 | 232150 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

## पुराने विवाद को लेकर बातचीत के बहाने बुलाया, दो युवकों ने मिलकर की मारपीट

**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र में पुराने विवाद को सुलझाने के बहाने बुलाकर दो बदमाशों ने एक युवक और उसके भाई के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, डी-सेक्टर राज नगर निवासी नीरज पिता राजेश ठाकुर ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनके भाई धीरज ठाकुर के पास तनिष्क और सचिन का फोन आया था। आरोपियों ने पुराने विवाद पर बैठकर बातचीत करने के बहाने धीरज को पप्पू पान वाले की गली में बुलाया। धीरज के साथ जब नीरज भी मौके पर पहुंचा, तो आरोपी तनिष्क और सचिन जाधव गाली-गलौज करने लगे। जब नीरज ने गाली देने से मना किया, तो दोनों आरोपियों ने धीरज के साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पर भी आरोपी विवाद करते रहे। एरोड्रम पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर सचिन जाधव और तनिष्क कुमावत दोनों निवासी जय भवानी नगर के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बैंक में रखे सोने के जेवर मांगने पर विवाद

### भाई-भाभी ने की ननद-नन्दोई से मारपीट

**इंदौर।** गांधी नगर थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद और लेन-देन के चलते भाई और भाभी द्वारा एक महिला और उसके पति के साथ मारपीट व गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, अरिहंत नगर निवासी गौरी पति मुकेश पंवार ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उन्होंने अपने भाई प्रीतम से बैंक में रखे सोने के जेवरात वापस लाने को कहा था। इस पर प्रीतम ने जेवर लौटाने से साफ इंकार कर दिया। जब गौरी ने याद दिलाया कि उन्होंने उसका मकान बनवाने में आर्थिक मदद की थी, तो इसी बात से नाराज होकर भाई प्रीतम और भाभी तन्नू गाली-गलौज करने लगे। पीड़िता और उसके पति मुकेश पंवार ने जब गाली देने से मना किया, तो आरोपी प्रीतम ने अपनी बहन गौरी के साथ थप्पड़-घूंसे मारते हुए मारपीट शुरू कर दी। गांधी नगर थाना पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी प्रीतम और उसकी पत्नी तन्नू के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कॉलेज की बातों और राजनीतिक मतभेद के बाद विवाद

### दोस्तों ने युवक को जातिसूचक शब्द कहकर पीटा

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र में कॉलेज की पुरानी बातों और राजनीतिक मतभेदों को लेकर दोस्तों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर दोस्त को जातिसूचक शब्द कहते हुए उसके साथ जमकर मारपीट कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।ष्पुलिस के अनुसार, ग्राम चंदिया जिला उमरिया के मूल निवासी व हाल मुकाम 8 मील खुड़ैल निवासी शिवम चौधरी ने कनाड़िया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि कनाड़िया रोड स्थित गुलमर्ग परिसर के पास उसकी और उसके दोस्त नवीन सिंह निवासी बंगाली चौराहा की कॉलेज और राजनीति से जुड़े मुद्दों को लेकर कहासुनी हो गई। विचारों में मतभेद होने पर विवाद की स्थिति बन गई, जिस पर नवीन ने उसे जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित किया। इसके बाद जब शिवम अपनी गाड़ी से नीचे उतरा, तो नवीन सिंह अपने कुछ साथियों के साथ वहां पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए उसकी कॉलर पकड़कर सीने पर मुक्का दे मारा। वहीं नवीन के साथी ने डंडे से शिवम के शरीर के अलग-अलग हिस्सों में ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे वह घायल हो गया। कनाड़िया थाना पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी नवीन सिंह और उसके साथियों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट व मारपीट का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## घर के दरवाजे पर धक्का देने का विरोध करने पर पड़ोसी ने की मारपीट

**नुकीली चीज से गर्दन पर किया वार**

**इंदौर।** लसूडिया थाना क्षेत्र में मामूली सी बात पर विवाद इतना बढ़ गया कि पड़ोसी ने घर में घुसकर पति-पत्नी के साथ मारपीट कर दी और नुकीली चीज से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, स्कीम नंबर 78 निवासी लुर्दिनो पॉल पिता विन्सेंट पॉल ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि उनके पड़ोसी शुभम ने अचानक आकर उनके घर के दरवाजे पर जोर से धक्का दिया। जब लुर्दिनो ने इसका कारण पूछा, तो आरोपी भड़क गया और उन्हें व उनकी पत्नी ट्रेजा को गालियां देने लगा। जब विरोध किया, तो आरोपी ने ट्रेजा को धक्का देकर नीचे गिरा दिया।बीच-बचाव करने पहुंचे लुर्दिनो के साथ आरोपी ने लात-घूंसों से मारपीट की और किसी नुकीली चीज से उनकी गर्दन पर वार कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।

## घायल महिला को पुलिसकर्मी ने पहुंचाया अस्पताल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** यातायात पुलिसकर्मी ने एक घायल महिला को अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाई। मिली जानकारी के अनुसार एएसआई प्रहलाद पटेल बायपास स्थित ओमेक्स सिटी के पास से गुजर रहे थे इसी दौरान वहां सडक किनारे भीड नजर आई तो वे रुके, उन्होने देखा कि एक महिला सडक हादसे में घायल हुई है। उन्होने महिला को तुरन्त अस्पताल पहुंचाने के लिए एक कार को रुकवाया और उसमें खुद महिला को उठाकर बैठाया। इसके बाद इलाज के लिए महिला को अस्पताल में भर्ती करवाया। महिला के परिजनों को भी सूचना दी। एएसआई को रक्षक बनने पर परिजनों ने धन्यवाद दिया। वहीं पुलिसकर्मी का कमिश्नर ने भी सम्मान किया।



## जिला जेल में बंदियों के बीच खूनी संघर्ष

### शातिर बदमाश 'खरगोश' पर चाकू से हमला तिलक नगर थाने से जेल आए आरोपी शुभम और उसके साथियों ने किया हमला, बिल्डर मनोज नागर गोलीकांड का आरोपी है पीड़ित सोनू

**इंदौर।** आजाद नगर थाना क्षेत्र स्थित जिला जेल में बंदियों के बीच गैंगवार और चाकूबाजी की वारदात सामने आई है। जेल के अंदर कैंटीन की तरफ गए कुख्यात बदमाश सोनू उर्फ खरगोश पर अन्य बंदियों ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में सोनू के चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना बीते कल शाम लॉकअप के समय से ठीक पहले की है। आरोपी सोनू उर्फ खरगोश जेल कैंटीन की तरफ गया था। इसी दौरान आरोपी शुभम और उसके साथी सोनू का पीछा करते हुए वहां पहुंचे और अचानक उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। आरोपियों ने सोनू के चेहरे पर निशाना साधकर वार किए। मौके पर मौजूद जेल प्रहरियों ने तत्परता दिखाते हुए बीच-बचाव किया और स्थिति को संभाला। घटना की जानकारी मिलते ही जेलर जवाहर मंडलोई, उपजेलर और चक्कर अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। बताया जा रहा है कि हमलावर आरोपी शुभम को तिलक नगर थाना पुलिस द्वारा की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के तहत घटना से महज एक दिन पहले ही जिला जेल भेजा गया था। वहीं, घायल सोनू उर्फ खरगोश एक गंभीर अपराध में जेल में बंद है। कुछ माह पूर्व महालक्ष्मी नगर में खजराना क्षेत्र के बिल्डर मनोज नागर पर हुई गोलीबारी की घटना में सोनू उर्फ खरगोश और उसके साथी हेमंत यादव मुख्य आरोपी हैं। रुपये के लेन-देन के विवाद में बिल्डर पर गोली चलाई गई थी। फिलहाल जेल प्रबंधन और पुलिस अधिकारी मामले की जांच और आरोपियों से पूछताछ कर रहे हैं।

# मकान खाली कराने के दबाव में महिला की जनसुनवाई में गुहार

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बाणगंगा तहसील क्षेत्र के बदल का भट्टा निवासी महिला मीना नामदेव, पति स्वर्गीय मनोज ने अपने मकान पर कथित अवैध कब्जे और मकान खाली कराने के लिए दबाव बनाए जाने की शिकायत कलेक्टर जनसुनवाई में की। मीना ने अधिकारियों को बताया कि बादल का भट्टा बाणगंगा में 800 वर्गफीट के मकान को उनके पति ने 15 सितंबर 2012 को क्रिपाल यादव से नोटरी के माध्यम से खरीदा था। पति के निधन के बाद नगर पालिक निगम इंदौर के राजस्व अभिलेख में भी संपत्ति उनके पति के नाम दर्ज होने तथा संपत्ति कर की रसीद क्रमांक 9000209627 होने का उल्लेख शिकायत में किया गया है। मकान खाली कराने के लिए दबाव बनाया जा रहा है और यह भी कहा कि स्टाम्प पर गलत तरीके से दबाव बनाकर हस्ताक्षर करवाए गए है, जबकि पति का निधन 2015 में ही हो चुका है।

# बिजली कंपनी ने दिए हजारों नोटिस

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने 12 सितंबर शनिवार को मालवा-निमाड़ के 44 न्यायालय क्षेत्रों में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की प्रभावी तैयारी की है। कंपनी ने इंदौर, उज्जैन, रतलाम समेत अन्य 12 जिलों में हजारों नोटिस भेजे हैं। ये नोटिस सतर्कता संकाय, संचारण संधारण अधिकारियों द्वारा पृथक रूप से भेजे गए हैं। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य सतर्कता अधिकारी एसआर बमनके ने बताया कि प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में कंपनी क्षेत्र के सभी 15 जिलों में तैयारी जारी हैं। इसके लिए जिलों/सर्कलों के अधीक्षण अभियंताओं, कार्यपालन अभियंताओं के साथ वर्चुअल एवं समक्ष मीटिंग कर लोक अदालत में अधिकाधिक प्रकरणों के समाधान के विशेष प्रयास किए गए हैं। इस लोक अदालत में 10 लाख रुपए तक के सिविल दायित्व के प्रकरणों में समझौता हो सकेगा। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत दर्ज बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों का समझौता होगा। प्री लिटिगेशन स्तर सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट देंगे। इसी तरह लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों में आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत रियायत प्रदान की जाएगी। मुख्य सतर्कता अधिकारी एसआर बमनके ने बताया कि उपरोक्त रियायत समस्त घरेलू, 5 किलोवाट तक के गैर घरेलू, 10 एचपी तक के आईपी औद्योगिक कनेक्शन से संबद्ध प्रकरणों पर ही देय रहेगी। निर्धारित छूट के उपरांत शेष बिल आंकलित सिविल दायित्व, अपराध शमन राशि एवं ब्याज की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। लोक अदालत के दौरान छूट आवेदक द्वारा विद्युत चोरी /अनाधिकृत उपयोग पहली बार किए जाने की स्थिति में ही दी जाएगी। आवेदक का अन्य कोई कनेक्शन भी है, तो वहां की राशि पूर्ण जमा होगी, तभी रियायत का लाभ दिया जा सकेगा। विद्युत वितरण कंपनी ने अधिक से अधिक उपभोक्ताओं, प्रकरण से संबंधित व्यक्तियों से लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की है।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से नायब तहसीलदार बनकर ठगी

### खाते में पैसे भेजने का झांसा देकर उड़ाए 50 हजार, शौचालय मरम्मत की राशि भेजने के नाम पर बनाया शिकार

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में साइबर जालसाजों द्वारा सरकारी अधिकारी बनकर ठगी करने का मामला सामने आया है। शातिर बदमाश ने खुद को नायब तहसीलदार बताकर एक महिला आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को झांसे में लिया और खाते में पैसे जमा करने के बहाने करीब 50 हजार की चपत लगा दी।

पुलिस के अनुसार, नंद नगर निवासी केशकली पाल यादव अस्पताल में काम करने के साथ आंगनवाड़ी में वैक्सीनेशन का कार्य भी संभालती हैं उनके साथ यह धोखाधड़ी 4 अगस्त की दोपहर को हुई थी। पीड़िता के पास एक अज्ञात कॉल आया, जिसमें आरोपी ने खुद को नायब तहसीलदार बताया। उसने पीड़िता से कहा कि आंगनवाड़ी के शौचालय मरम्मत को लेकर उसके वरिष्ठ अधिकारी से बात हो चुकी है और काम का पैसा उनके खाते में ट्रांसफर करना है। जब पीड़िता ने अधिकारी के खाते में ही भुगतान करने को कहा, तो आरोपी ने झांसा दिया कि सर ने ही आपके खाते में राशि डालने का निर्देश दिया है। विश्वास में लेने के लिए आरोपी ने पहले 10 रुपए भेजे और मैसेज की पुष्टि कराई। इसके बाद उसने 39 हजार990 के ट्रांजेक्शन का मैसेज भेजा और उसे तकनीकी कारण से फेल होना बताकर फिर से 15,000 और 35,000 के दो फर्जी ट्रांजेक्शन दिखाए। पैसे जमा होने के बजाय उतनी ही राशि पीड़िता के खाते से कटकर आरोपी के खाते में ट्रांसफर हो गई। ठगी का अहसास होने पर पीड़िता ने तुरंत साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। प्राथमिक जांच के बाद मामला बाणगंगा थाने भेजा गया है, जहाँ पुलिस ने केस दर्ज कर जालसाज की तलाश शुरू कर दी है।

# पत्नी से विवाद के बाद व्यापारी ने गोदाम में खाया जहर, मौत



### सेठी नगर स्थिति नमक गोदाम की घटना, शराब पीने को लेकर घर में हुआ था विवाद

**इंदौर।** विजय नगर थाना क्षेत्र के सेठी नगर में एक नमक व्यापारी द्वारा अपने ही गोदाम में जहर खाकर आत्महत्या करने की वारदात सामने आई है। बताया जा रहा है कि मृतक का दो दिन पूर्व घर में शराब पीने की बात को लेकर पत्नी से विवाद हुआ था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। कर्बला मैदान के पास रहने वाले सत्य प्रकाश पिता केशव सिंह (59) का दो दिन पहले घर में शराब पीने को लेकर पत्नी से विवाद हो गया था। विवाद के दौरान पत्नी ने उनसे शराब की बोतल और मोबाइल फोन छीन लिया था। इसके बाद सत्य प्रकाश थाने पहुंचे थे, जहां पुलिसकर्मियों के हस्तक्षेप के बाद उन्हें मोबाइल वापस दिलवाया गया। मोबाइल मिलने के बाद सत्य प्रकाश यह कहकर घर से निकले थे कि अब मैं वापस घर नहीं आऊंगा।इसके बाद वे सेठी नगर स्थित अपने नमक गोदाम पहुंचे और वहां जहर खा लिया। कल जब गोदाम के कर्मचारी काम पर पहुंचे, तो सत्य प्रकाश वहां मृत अवस्था में पड़े मिले। कर्मचारियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# समाज की बैठक के दौरान खूनी संघर्ष

### समझौता कराने पहुंचे पक्ष पर पत्थरों से हमला

इंदौर। देहात इलाके के बेटमा थाना क्षेत्र में पुराने विवाद को लेकर बुलाई गई समाज की बैठक के दौरान अचानक विवाद भड़क गया। एक पक्ष के लोगों ने एकजुट होकर दूसरे पक्ष पर पथराव कर दिया और लात-घूंसों से मारपीट की। घटना में कई लोग घायल हुए हैं। बेटमा पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर महिला समेत 6 आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, बजरंगपुरा बेटमा निवासी पूजा पति रुश्मासिंह पंवार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि सब्जी मंडी बेटमा में उनके और आरोपी पक्ष के बीच चल रहे पुराने विवाद को सुलझाने के लिए समाज की बैठक आयोजित की गई थी। बातचीत के दौरान ही समझौता चल रहा था कि अचानक आरोपी पक्ष उग्र हो गया। आरोपी सोनासिंह, नंदराम, करण, निरंकास पिता जीना पारदी, दीपाबाई पति जॉनी पारदी और रुकमाबाई पारदी ने एकमत होकर गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोपियों ने पीड़ित पक्ष पर पत्थरों से हमला कर दिया और थप्पड़-मुक्कों से जमकर मारपीट की। इस हमले में मजरूहों को गंभीर चोटें आईं। जाते-जाते आरोपी पीड़ित पक्ष को जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले।

# पाकिस्तान क्रिकेट का हाल बेहाल

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को पुरुष क्रिकेट टीम के लिए नए फील्डिंग कोच की तलाश है। इसके लिए पीसीबी ने लिंकडइन का सहारा लिया है। पिछले महीने फील्डिंग कोच शेन मैकडरमॉट ने अपना पद छोड़ दिया था। उसके बाद से यह पद खाली है और पीसीबी नया कोच खोज रही है। पीसीबी के पोस्ट ने काफी लोगों को हैरान कर दिया है क्योंकि क्रिकेट बोर्ड को ऐसे पोस्ट करते काफी कम देखा गया है। पाकिस्तान क्रिकेट टीम अपनी खराब फील्डिंग के लिए हमेशा से बदनाम रही है। टीम को कई हार तो खराब फील्डिंग की वजह से मिले।

# कपड़ा व्यापारी का मोबाइल हैक कर दोस्त से ठगी

### मदद के नाम पर जालसाज ने ऐंठे 45 हजार

**इंदौर।** तुकोगंज थाना क्षेत्र में शातिर जालसाज ने एक कपड़ा व्यापारी का मोबाइल नंबर हैक कर उनके परिचित से मदद के नाम पर हजारों रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, न्यू देवास रोड निवासी विकास पिता दिनेश देवांग ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि 19 अगस्त की शाम को उनके पास एक अज्ञात नंबर 9958839337 से कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को उनका परिचित कपड़ा व्यापारी रवि पंजाबी जिनका मूल नंबर 9826077553 है बताया। आरोपी ने रवि पंजाबी का मोबाइल नंबर हैक कर लिया था और उनके नाम का इस्तेमाल करते हुए आपातकालीन मदद का झांसा देकर विकास से कुल 45,000 ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। बाद में जब ठगी का अहसास हुआ, तो पीड़ित ने थाने पहुँचकर शिकायत दर्ज कराई।कोगंज थाना पुलिस ने अज्ञात मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर साइबर सेल की मदद से आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# इंदौर के निशानेबाजों ने जीते 30 पदक

**इंदौर।** जबलपुर में आयोजित 7 दिवसीय 13वीं जीएफजी शूटिंग चैंपियनशिप में इंदौर की वीर रायफ़ल शूटिंग सोसायटी के शूटर्स ने शामिल होकर अपने शानदार प्रदर्शन का सिलसिला जारी रखते हुए 30 पदक हासिल कर इंदौर एवं सोसायटी के नाम को रोशन किया। सोसायटी के कोच सतीश शर्मा के मार्गदर्शन में जबलपुर में आयोजित इस स्पर्धा में देशभर के सैकड़ों निशानेबाजों ने अपने निशाने लगाए। लेकिन इनमें से वीर रायफल शूटिंग सोसायटी के कृष्णम यादव ने 10 मीटर एयर पिस्टल में 2 स्वर्ण एवं 5 रजत सहित 7 पदक हासिल किए। वहीं कृष्णा ठाकुर ने भी 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष वर्ग में 4, गीतांशी अव्हाड़ ने 10 मीटर एयर रायफल में 3 पदक प्राप्त किए ।

# थाईलैंड को हराने में पाकिस्तान के पसीने छूटे, जीत के साथ की महिला एशिया कप की शुरुआत

**दुबई।** पाकिस्तान की महिला टीम ने जीत के साथ एशिया कप 2026 की शुरुआत की है। टूर्नामेंट के 5वें मैच में पाकिस्तान का सामना थाईलैंड से हुआ। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने पहले बैटिंग की। टीम 20 ओवर खेलने के बाद 9 विकेट पर सिर्फ 119 रन बना पाई। हालांकि थाईलैंड की कमजोर बैटिंग इस लक्ष्य का भी पीछा नहीं कर पाई। 20 ओवर खेलने के बाद थाईलैंड ने 8 विकेट पर 84 रन ही बनाए। पाकिस्तान को 35 रनों से जीत मिली। थाईलैंड के तीन मैचों के बाद दो पॉइंट हैं।

थाईलैंड की बॉलिंग के सामने पाकिस्तान की बैटिंग काफी स्ट्रगल करती दिखी। टीम ने पावरप्ले में ही तीन विकेट खो दिए। सलामी बल्लेबाज शवाल जुल्फिकार सिर्फ एक रन बना पाईं तो तीसरे नंबर पर उतरीं गुल फेरोजा का खाता भी नहीं खुला। आएशा जफर ने 9 रनों की पारी खेली। 23 रनों पर तीन विकेट गिरने के बाद मुनीबा अली और सदफ शमस के बीच चौथे विकेट के लिए 48 गेंद पर 54 रनों की साझेदारी हुई। सदफ ने 20 गेंदों पर 20 रनों की पारी खेली। कप्तान फातिम सना का खाता भी नहीं खुला।

पाकिस्तान के लिए ओपनर मुनीबा अली ने इस बीच अपनी फिफ्टी पूरी की। 52 गेंद पर 54 रनों की पारी खेलकर वह पवेलियन लौटीं। निचले क्रम में उम-ए-हानी ने 17 जबकि तुबा हसन ने 4 गेंद पर 12 रन बनाए। इससे टीम 119 रनों तक पहुंच गई। थाईलैंड की तरफ से सुलीपोर्न लाओमी ने 14 जबकि थिपाचा पुत्थावोंग ने 18 रन देकर 3-3 विकेट झटके। पाकिस्तान की बॉलिंग के सामने थाईलैंड की टीम टिक ही नहीं पाई। दूसरे ही ओवर में सादिया इकबाल ने दो झटके दे दिए। उन्होंने फनिता माया और नन्नापत कोंचारोएनकाई के विकेट लिए। तीसरे विकेट के लिए नट्ठाकन चंटम और नारुएमोल चाइवाई के बीच 27 रनों की साझेदारी हुई लेकिन दोनों ने 46 गेंदों का सामना किया। चंटम ने 27 गेंद पर 18 जबकि चाइवाई ने 33 गेंदों पर 17 रनों की पारी खेली। यहीं से थाईलैंड की हार पक्की हो गई थी।

# इंग्लैंड महिला टीम की आयरलैंड पर रिकॉर्ड जीत

## महिलाओं के एक दिनी क्रिकेट में बड़ा रन चेज किया




**लंदन।** महिला वनडे फॉर्मेट में इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम ने एक सितंबर को लीसेस्टर के मैदान पर आयरलैंड के खिलाफ घर पर तीन मैचों की द्विपक्षीय वनडे सीरीज का पहला मुकाबला खेला जिसमें वह अपने वनडे इतिहास का सबसे बड़ा रन चेज करने में कामयाब रही। आयरलैंड की टीम ने सीरीज के इस पहले मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर्स में 5 विकेट के नुकसान पर 281 रन बनाए थे, जिसमें इंग्लैंड महिला टीम ने इस टारगेट का पीछा सिर्फ 38.1 ओवर्स में 4 विकेट के नुकसान पर कर लिया। इंग्लैंड को इस ऐतिहासिक जीत दिलाने में उनकी ओपनिंग बल्लेबाज माया बाउचियर ने अहम भूमिका निभाई जिन्होंने 104 रनों की शानदार पारी खेली तो वहीं इसके अलावा सोफिया डंकले के बल्ले से 73 रनों की पारी देखने को मिली।

इंग्लैंड महिला टीम का इससे पहले वनडे फॉर्मेट में सबसे बड़ा रन चेज 267 रनों का था जब उन्होंने साल 2023 में ऑस्ट्रेलिया महिला टीम के खिलाफ ब्रिस्टल के मैदान पर खेले गए मुकाबले में 2 विकेट से जीत हासिल की थी। वहीं कार्यवाहक कप्तान चार्ली डीन के नेतृत्व में उन्होंने अपने इस रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। महिला वनडे फॉर्मेट में रन चेज के मामले में यह अब तक की 7वीं सबसे बड़ी जीत है, जिसमें इस लिस्ट में पहले नंबर पर न्यूजीलैंड महिला टीम है जिन्होंने साल 2026 में ही साउथ अफ्रीका महिला टीम के खिलाफ 347 रनों के टारगेट का सफलतापूर्वक पीछा किया था।

आयरलैंड महिला टीम के खिलाफ इंग्लैंड की तरफ से पहले वनडे में टॉप ऑर्डर में बदलाव देखने को मिला जिसमें हीथर नाइट टैमी ब्यूमोंट के रिटायरमेंट के बाद और इस एमी जोन्स को इस सीरीज से आराम दिए जाने के फैसले के बाद काफी बेहतर प्रदर्शन देखने को मिला। युवा ओपनिंग बल्लेबाज माया बाउचियर ने अपनी 104 रनों की पारी के दौरान 95 गेंदों का सामना किया जिसमें वह 11 चौके लगाने में कामयाब रही। वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज एलिस केप्सी के बल्ले से भी 40 गेंदों में 41 रनों नाबाद पारी देखने को मिली जिसमें वह टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाकर ही वापस लौटी। अब दोनों टीमों के बीच में इस सीरीज का दूसरा मुकाबला डर्बी के मैदान पर तीन सितंबर को खेला जाएगा।

# भारतीय टीम में एक साथ आठ खिलाड़ियों को किया बाहर

## अफगानिस्तान के खिलाफ तीन टी-20 मैच खेलेगी

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम 13 सितंबर से अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20आई सीरीज में एक्शन में नजर आएगी। इससे पहले टीम इंडिया जुलाई में जिम्बाब्वे की धरती पर टी-20आई सीरीज खेलती नजर आई थी। जिम्बाब्वे दौरे पर युवा और नए चेहरों को मौका देने के बाद टीम इंडिया ने एक बार फिर अपनी रणनीति बदल दी है। अफगानिस्तान के खिलाफ इसी महीने होने वाली तीन मैचों की टी-20आई सीरीज के लिए सिलेक्टर्स ने मजबूत टीम चुनी है, जिसमें संजू सैमसन और जसप्रीत बुमराह की वापसी हुई है। वहीं, जिम्बाब्वे दौरे पर टीम का हिस्सा रहे 8 खिलाड़ियों को इस बार बाहर कर दिया गया है। इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ लगातार हार के बाद भारत ने जिम्बाब्वे दौरे पर कई युवा खिलाड़ियों को आजमाया था। हालांकि, अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के लिए सिलेक्टर्स ने फिर से अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा जताया है।




इस टीम में सबसे ज्यादा चर्चा संजू सैमसन की वापसी की हो रही है। जिम्बाब्वे दौरे के लिए उन्हें नहीं चुना गया था। उस समय खबरें आई थीं कि उन्हें आराम दिया गया है, लेकिन उनके चयन से बाहर होने पर कई सवाल भी उठे थे। अब सैमसन की वापसी के साथ भारतीय टीम के सामने ओपनिंग को लेकर मुकाबला और दिलचस्प हो गया है।

जसप्रीत बुमराह भी मार्च के बाद पहली बार टी-20आई टीम में लौटे हैं। हालांकि, उनका खेलना बीसीसीआई की मेडिकल टीम से फिटनेस मंजूरी मिलने पर निर्भर करेगा। इसके अलावा अक्षर पटेल की भी वापसी हुई है। उन्हें जिम्बाब्वे दौरे के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया था।

**8 खिलाड़ियों को किया गया बाहर–** अफगानिस्तान सीरीज के लिए संजू सैमसन, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा टीम का हिस्सा बने हैं। वहीं, जिम्बाब्वे दौरे की टीम में शामिल सूर्यांश शेडगे, रिंकू सिंह, हर्ष दुबे, प्रिंस यादव, यश ठाकुर, अशोक शर्मा, मयंक यादव और प्रभसिमरन सिंह को बाहर कर दिया गया है। रिंकू सिंह का बाहर होना सबसे चौंकाने वाले फैसलों में से एक माना जा रहा है। साल 2024 में भारत की ऊ20 वर्ल्ड कप जीत का हिस्सा रहे रिंकू लगातार टीम में अपनी जगह पक्की करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वहीं, युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव को भी इस बार मौका नहीं मिला है।

## ओपन कराते चैंपियनशिप का आयोजन 4 को

**इंदौर।** इंदौर में कराते खेल को बढ़ावा देने और युवा खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ओपन कराते चैंपियनशिप 2026 का आयोजन ट्रेजर आइलैंड मॉल, व्हिज़ी विंग्स एवं वॉरियर्स जर्नी डोजो, (इंदौर) द्वारा किया जा रहा है। चैंपियनशिप 4 सितंबर को ट्रेजर आइलैंड मॉल, एमजी रोड, इंदौर में आयोजित होगी । प्रतियोगिता में विभिन्न आयु एवं वजन वर्गों के खिलाड़ी हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे । देशभर से खिलाड़ियों के शामिल होने की संभावना है । उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पदक, ट्रॉफी एवं सम्मान प्रदान किए जाएंगे । आयोजन का उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, फिटनेस और खेल भावना को बढ़ावा देना है । यह प्रतियोगिता स्टेट हेड हरिओम परमार एवं करण साहू और व्हिज़ी विंग्स द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इच्छुक खिलाड़ियों के लिए पंजीयन शुरू हो चुके है अधिक जानकारी के लिए करण साहू एवं डॉ. अंशुल जैन से संपर्क किया जा सकता है।

# साउथ अफ्रीका का जीत का सिलसिला जारी, लुआन शतक से चूके

**विंडहोक (नामीबिया)।** साउथ अफ्रीका ने ट्राई सीरीज में ट्राई सीरीज में लगातार दूसरी जीत हासिल कर ली है। पहले मैच में नामीबिया से हारने वाली साउथ अफ्रीका ने जिम्बाब्वे के खिलाफ अपने टूर्नामेंट के तीसरे मैच को 43 रनों से जीता। विंडहोक के नामीबिया क्रिकेट ग्राउंड पर पहले खेलते हुए साउथ अफ्रीका ने 7 विकेट पर 185 रन बनाए। जिम्बाब्वे की टीम ने पूरा जोर लगाया लेकिन टीम की पारी 18वें ओवर में 142 रनों पर ही सिमट गई। तीन मैचों में यह जिम्बाब्वे की दूसरी हार है। इससे पहले साउथ अफ्रीका ने ही उसे 7 विकेट से हराया था।

साउथ अफ्रीका के लिए सलामी बल्लेबाज लुआन-ड्रे प्रिटोरियस ने विस्फोटक बैटिंग की। उन्होंने सिर्फ 51 गेंदों पर 94 रनों की पारी खेली। 20 साल के प्रिटोरियस ने 12 चौके और तीन छक्के मारे। पहले विकेट के लिए जॉर्डन हेर्मन के साथ उन्होंने 46 गेंद पर



68 रन जोड़े। जॉर्डन ने 25 गेंद पर 28 रन बनाए। तीसरे नंबर पर उतरे डेवाल्ड ब्रेविस के बल्ले से 27 गेंद पर 41 रन निकले। दूसरे विकेट के लिए दोनों ने 46 गेंद पर 86 रनों की साझेदारी की।

साउथ अफ्रीका ने आखिरी 29 गेंदों पर सिर्फ 31 रन बनाए और 6 विकेट खो दिए। टॉप-3 के अलावा कोई दहाई का आंकड़ा नहीं छू पाया। प्रिटोरियस ने 27 गेंदों पर फिफ्टी पूरी की थी लेकिन बाद में वह भी धीमी पड़ गए। 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर उनका विकेट गिरा। जिम्बाब्वे के लिए वेस्ली मधवरे ने तीन जबकि ब्राड इवांस ने दो विकेट लिए।

साउथ अफ्रीका की बॉलिंग के सामने जिम्बाब्वे ने पावरप्ले में ही चार विकेट खो दिए। इसके बाद भी विकेट गिरने का सिलसिला जारी रहा। कप्तान सिकंदर रजा ने 33 गेंदों पर 45 रन बनाए लेकिन कोई उनका साथ नहीं दे पाया। 66 रनों पर ही टीम ने 8 विकेट खो दिए थे। 9वें विकेट के लिए न्यूमैन न्यामहूरी के साथ 39 रन जोड़कर रजा ने टीम को 100 के पास पहुंचा दिया। यम्हुरी और कुंडई मतिगिमू के बीच आखिरी विकेट के लिए 38 रनों की साझेदारी हुई। इससे टीम 142 रनों तक पहुंच गई। न्यूमैन ने 27 रनों की पारी खेली। साउथ अफ्रीका के लिए कप्तान ब्योर्न फोर्टुइन ने 4 विकेट लिए जबकि डुआन यानसेन को तीन विकेट मिले।

# महिला एशिया कप 2026 में टीम इंडिया का पाइंट टेबल में दबदबा बरकरार

**दुबई।** दुबई में खेली जा रही महिला टी20 एशिया कप 2026 की शुरुआत 28 अगस्त से हुई थी, जिसमें एक सितंबर तक कुल 5 मुकाबले दोनों ग्रुप को मिलाकर खेले जा चुके हैं। टूर्नामेंट में शामिल सभी टीमें कम से कम एक मुकाबला खेल चुकी हैं, जिसमें ग्रुप-ए की पॉइंट्स टेबल में भारतीय महिला टीम का दबदबा देखने को मिल रहा है जिसमें उन्होंने अपने पहले ही मैच में थाईलैंड महिला टीम को 94 रनों के बड़े अंतर से मात दी थी, तो वहीं ग्रुप-बी की पॉइंट्स टेबल को लेकर बात की जाए तो उसमें पहली पोजीशन पर डिफेंडिंग चैंपियन श्रीलंका महिला टीम है जिन्होंने अपने पहले मुकाबले में मेजबान यूएई महिला टीम को 9 विकेट के बड़े अंतर से मात दी थी।

**ग्रुप-ए में टॉप पर भारतीय टीम, पाकिस्तान जीत के बावजूद दूसरे पर-** महिला टी20 एशिया कप 2026 में ग्रुप-ए की पॉइंट्स टेबल को लेकर बात की जाए तो उसमें भारतीय महिला टीम ने एक मुकाबला खेलने के बाद 2 अंकों के साथ पहली पोजीशन पर है, जिसमें उसका नेट रनरेट 4.700 का है। इसके बाद दूसरी पोजीशन पर पाकिस्तानी महिला टीम ने जिन्होंने टूर्नामेंट में अपने पहले मैच में थाईलैंड महिला टीम को 35 रनों से मात दी और उनके अंक हैं, जिसमें उनका नेट रनरेट 1.750 का है। इस ग्रुप में तीसरी पोजीशन पर थाईलैंड महिला टीम है जिन्होंने अपने सभी तीनों मुकाबले खेल लिए हैं और उसमें से उनको एक में जीत जबकि दो में हार का सामना करना पड़ा है और उनके 2 अंक हैं जबकि नेट रनरेट -2.050 का है। ग्रुप-ए में अभी आखिरी पोजीशन पर हांगकांग चाइना की टीम है जिन्होंने एक मुकाबला खेला और उसमें हार का सामना किया और उनका नेट रनरेट -0.300 का है।

**श्रीलंका महिला टीम ग्रुप-बी में टॉप पर काबिज–** ग्रुप-बी की पॉइंट्स टेबल को लेकर बात की जाए तो उसमें डिफेंडिंग चैंपियन श्रीलंका महिला टीम एक मैच खेलने के साथ उसमें जीत बड़ी जीत हासिल करते हुए टॉप पर है जिसमें उनके 2 अंक होने के साथ नेट रनरेट 6.263 का है। वहीं इस ग्रुप में दूसरे नंबर पर बांग्लादेश महिला टीम है जिन्होंने भी अब तक एक मुकाबला खेला है और उसमें जीत की है जिसमें उनका नेट रनरेट 3.550 का है। तीसरे नंबर पर इंडोनेशिया महिला टीम है जिनको अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा और उनका नेट रनरेट -3.550 का है, जबकि चौथे और आखिरी पायदान पर मेजबान यूएई महिला टीम है और उनका नेट रनरेट -6.263 का है।



# सराफा की ज्वेलरी दुकान में लगी आग

## चौपाटी खुली थी तो तुरन्त मिल गई जानकारी दूसरी दुकानें चपेट में आने से बची

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बड़ा सराफा स्थित ज्वेलरी दुकान में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। घटना के दौरान बाजार में चौपाटी लगी हुई थी जिसके कारण आवाजाही बनी हुई थी। लोगों ने धुंआ उठते देख तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

मिली जानकारी के अनुसार घटना करीब 12 की है। सराफा के अंकलीकर प्लाजा (जौहरी मार्केट) स्थित फातिमा ज्वेलर्स में आग लगी थी। प्रारम्भिक सूचना के मुताबिक आग शार्ट सर्किट की वजह से लगी। सूचना मिलने के बाद दमकल की टीम पहुंची। करीब 2 टैंकर पानी बहाकर आग पर काबू पाया गया। दुकान मालिक भी सूचना मिलने पर पहुंच गए। उन्होंने दुकान में रखी ज्वेलरी को आग पर काबू होते ही सुरक्षित किया। हालांकि दुकान का फर्नीचर और अन्य सामग्री जलकर खाक हो गई। वहीं कुछ आभूषणों को भी नुकसान हुआ है। सराफा पुलिस ने घटना के बाद तत्काल चौपाटी भी बंद करवा दी।





### *तलघर में भर गया पानी*

*अंकलीकर प्लाजा (जौहरी मार्केट) में जिस दुकान में आगजनी की घटना हुई है, वह दुकान अपर ग्राउण्ड पर स्थित है। ऐसे में जब फायर ब्रिगेड टीम ने पानी डाला तो पानी तलघर में उतर गया और वहां भरा गया। तलघर में भी कई दुकानें है, हालात यह बने कि तलघर में घुटने तक पानी भर गया, इसके बाद सुबह 5 बजे से मजदूरों ने बाल्टियों की मदद से पानी निकालना शुरू किया। मार्केट की बिजली सप्लाय बंद होने के कारण मोटर भी नहीं लगाई जा सकी।*

# पत्नी पर पति ने किया प्राणघातक हमला

**इंदौर।** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में शराबी पति द्वारा अपनी ही पत्नी पर चाकू से ताबड़तोड़ वार करते हुए जानलेवा हमला कर दिया। पति के अत्याचारों से तंग आकर मायके में रह रही थी। हमले में गंभीर रूप से घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है, वहीं पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**पति के अत्याचार से परेशान होकर मायके में रह रही थी, घर के बाहर आकर पति ने चाकू से किए वार**

पुलिस के अनुसार, ऋषि पैलेस निवासी नेहा बैरागी ने द्वारकापुरी थाना में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि उसका पति सावन बैरागी शराब और अन्य नशों का आदी है और लगातार मारपीट करता था। पति की प्रताड़ना से तंग आकर वह पिछले 3-4 महीनों से अपने माता-पिता के घर रह रही थी। इसी बात से नाराज होकर आरोपी सावन नेहा के मायके के बाहर पहुंचा और उसके तथा माता-पिता के साथ अश्लील गालियां देने लगा। जब आसपास के लोग और परिजन उसे समझाने की कोशिश कर रहे थे, तभी आरोपी सावन बैरागी ने अचानक जेब से चाकू निकाला और जान से मारने की नीयत से नेहा पर हमला कर दिया। आरोपी ने नेहा के पेट के निचले हिस्से, दाहिने कंधे और दाहिने हाथ की भुजा पर चाकू से 3-4 वार किए, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से भाग निकला। द्वारकापुरी पुलिस ने आरोपी सावन बैरागी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# सूदखोरों से तंग आकर युवक ने की थी खुदकुशी, 5 पर केस दर्ज

## कमाया हुआ सारा पैसा ब्याज में ऐंठ लेते थे आरोपी, बाइक गिरवी रखकर मिली रकम भी छीनी, जहर पीकर दी थी जान

**इंदौर।** तिलक नगर थाना क्षेत्र में आत्महत्या के एक मामले में पुलिस ने मर्ग जांच के बाद बड़ा कदम उठाया है। सूदखोरों की प्रताड़ना से तंग आकर जहर खाने वाले व्यक्ति की मौत के मामले में पुलिस ने 5 सूदखोरों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, ग्राम पिपलियाहाना निवासी जितेंद्र पिता देवराम पांडेय, (49) ने बीती 9 अप्रैल को कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली थी। मामले की जांच में सामने आया कि मृतक ने अलग-अलग कामों के लिए आरोपी संजू उर्फ संजय निवासी दीपक नगर, सुनील मालवीय निवासी श्रीजी वैली, बिचौली मर्दाना, निकेश इंगले निवासी स्कीम नंबर 54,सुरेश खाती निवासी पिपलियाहाना गांव और लालू निवासी शांति नगर, मूसाखेड़ी से रुपये उधार लिए थे।जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी जितेंद्र से भारी-भरकम ब्याज वसूल रहे थे और उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। मृतक जो भी पैसा कमाता था, आरोपी ब्याज के नाम पर उससे छीन लेते थे। कर्ज चुकाने के लिए जितेंद्र ने अपनी मोटरसाइकिल तक गिरवी रख दी थी, लेकिन घटना वाले दिन आरोपी गिरवी से मिले रुपये भी उससे छीन ले गए। इसी बात से क्षुब्ध और परेशान होकर जितेंद्र ने जहर खा लिया था। तिलक नगर पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# महिला मित्र को देखने पर विवाद, युवक पर नुकीली वस्तु से किया हमला

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में मरीमाता चौराहा के पास पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर नुकीली वस्तु से हमला करने की वारदात सामने आई है। महिला मित्र के पुराने पड़ोसी ने दोनों को देखकर गाली-गलौज की और विरोध करने पर मारपीट करते हुए युवक को घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार, रामबली नगर निवासी नितेश पिता नानकराम काहर ने बाणगंगा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि वह अपनी महिला मित्र आकांक्षा प्रजापति के साथ मरीमाता के पास स्थित गुमटी पर सिगरेट का पाउच लेने गया था। वहीं पर पड़ोसी आरोपी किशन मिल गया, जिसका आकांक्षा से पूर्व में विवाद हो चुका था। दोनों को देखते ही आरोपी किशन गालियां देने लगा। जब नितेश ने गाली देने से मना किया, तो किशन और उसका एक साथी दोनों से हाथापाई करने लगे। इसी दौरान किशन ने किसी नुकीली चीज से नितेश पर हमला कर दिया। वार पीड़ित की शर्ट को फाड़ते हुए सीने की बाईं तरफ जा लगा, जिससे खून निकलने लगा। वारदात के बाद आरोपी मौके से भाग निकला। बाणगंगा पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी किशन और उसके साथी के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# 40 पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों का कमिश्नर ने किया सम्मान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

रक्षाबंधन सहित अन्य त्योहारों पर शक्ति मोबाइल में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पुलिस टीमों सहित 40 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को पुलिस कमिश्नर ने सम्मानित किया। प्रशस्ति पत्र और नगद पुरस्कार देकर कार्य की सराहना भी की। सम्मानित अधिकारी और कर्मचारियों में श्रद्धा यादव, गुंजन पटेल, नेहा सिसौदिया, नुपूर बुडानिया, प्रकाश, जया सोनी, स्वाति



सिंह, प्रतीक्षा मलवे, राजकुमार रावत, निधि मित्तल, नंदिनी सोलंकी, कीर्ति जैन, अनुपम, मनीषा भिलाला, गंगा, जितेन्द्र, अभिषेक कनोजिया, आकाश भाटी, दीपिका परमार, वसुंधरा बघेल, वंदना, आकृति राजपूत, श्याम सिंह, आराधना शर्मा, अर्चना, महिमा, आरिफ खान, रिद्धी शर्मा, नंदलाल राठौर, अर्चना भालेराव, आकांक्षा सिंह, अरविन्द खत्री, राहुल सोनकुसरे, गजेन्द्र धाकड, राधा पटेल, सूर्यप्रकाश, प्रहलाद पटेल, मुकेश लश्करी का सम्मान किया। पुलिस कमिश्नर के अलावा वरिष्ठ अधिकारी आर.के. सिंह और अन्य अधिकारी इस पुरस्कार सम्मान कार्यक्रम में मौजूद थे।



## बैंक में कम्पनी संचालकों के बीच विवाद के बाद हुई हाथापाई, पुलिस ने मंगवाए बैंक के फुटेज, जांच शुरू

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विजय नगर थाना क्षेत्र स्थित एचडीएफसी बैंक शाखा में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक कम्पनी के दो पार्टनर के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि कहासुनी के दौरान हाथापाई तक हुई। मामले का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ है। विजय नगर थाना प्रभारी चंद्रकांत पाटिल के अनुसार मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने मामले में संज्ञान लेकर बैंक को फुटेज उपलब्ध करवाने को कहा है। बताया जा रहा है कि टीलॉजी कम्पनी के पार्टनर बैंक में वित्तीय अनबन के चलते कहासुनी हुई है। पुलिस फुटेज और बयानों के आधार पर कार्रवाई में जुट गई है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।